दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 63 | सीकर, बुधवार 30 अप्रैल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# एग्जिट पोल में बंगाल में भगवाराज
# तीन सर्वे में बीजेपी को बढ़त
## एक ने की ममता की वापसी की भविष्यवाणी




### ममता के गढ़ में भाजपा की सेंध

नई दिल्ली

एग्जिट पोल के अनुमानों के मुताबिक, भाजपा ममता बनर्जी के बंगाल के गढ़ में सेंध लगाने में कामयाब हो सकती है, जिसे पार्टी अपनी आखिरी सीमा मानती है। केवल एक ही पोलिंग एजेंसी ने टीएमसी के लगातार चौथी बार सत्ता में लौटने की बात कही। तीन एग्जिट पोल ने भाजपा को 146 से 175 सीटें मिलने का अनुमान लगाया, जबकि एक पोलिंग एजेंसी, पीपल्स पल्स ने ममता बनर्जी की वापसी का अनुमान लगाते हुए टीएमसी को 177 से 187 सीटें दीं। हालांकि, एग्जिट पोल के आंकड़ों को पूरी तरह से सच नहीं मानना चाहिए। 2021 के विधानसभा चुनावों में अधिकांश विश्लेषकों ने टीएमसी और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर का अनुमान लगाया था। हालांकि, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने 215 सीटों पर शानदार जीत हासिल की, जो अनुमानों से कहीं अधिक थी, जबकि भाजपा को 77 सीटें मिलीं और वह पहली बार प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभरी। एग्जिट पोल मतदान केंद्रों से बाहर निकलने वाले लोगों के बीच किए गए सर्वेक्षणों पर आधारित होते हैं। एग्जिट पोल का उद्देश्य मतदाताओं के मूड का अनुमान लगाना होता है, लेकिन ये अनुमान गलत भी हो सकते हैं।

# असम में फिर 'हिमंत राज'!
## एग्जिट पोल में बीजेपी को क्लियर बहुमत, पोल डायरी के मुताबिक कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ रसातल की तरफ

असम विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल के आंकड़े राज्य की राजनीति में एक बार फिर स्पष्ट बहुमत की तस्वीर उकेरते दिखाई दे रहे हैं. 126 सीटों वाली विधानसभा के लिए आए इन अनुमानों में एनडीए को बढ़त मिलती दिख रही है, जबकि विपक्षी दलों का प्रदर्शन बिखरा हुआ नजर आता है. वोट शेयर और सीटों के अनुमान दोनों ही यह संकेत देते हैं कि सत्तारूढ़ खेमे ने अपनी पकड़ बनाए रखने में सफलता हासिल की है. पोल डायरी के अनुसार, एनडीए को कुल मिलाकर 86 से 101 सीटें मिलने का अनुमान है, जो बहुमत के आंकड़े 64 से काफी ऊपर है. इस गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी है, जिसने 91 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसे 75 से 86 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है. भाजपा का वोट शेयर 36.47 प्रतिशत के आसपास बताया गया है, जो उसकी चुनावी रणनीति की सफलता को दर्शाता है.

### भाजपा के सहयोगियों का रिजल्ट कैसा?

एनडीए के अन्य सहयोगियों में बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) शामिल हैं. बीपीएफ ने 11 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसे 5 से 7 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि उसका वोट शेयर 3.89 प्रतिशत बताया गया है. वहीं, एजीपी ने 24 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और उसे 6 से 8 सीटें मिल सकती हैं, उसका वोट शेयर 6.74 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है. कुल मिलाकर एनडीए का वोट शेयर 47.10 प्रतिशत बताया



गया है, जो 2021 से 4 प्रतिशत से ज्यादा है.

# तमिलनाडु में डीएमके को पूर्ण बहुमत



एग्जिट पोल के अनुसार, द्रविड़ मुन्नेत्र कज़गम (डीएमके) तमिलनाडु में आराम से सत्ता बरकरार रखने के लिए तैयार है। उसने एआईएडीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन और अभिनेता से राजनेता बने विजय की तमिलगा वेत्री कज़गम (टीवीके) की चुनावी चुनौती को आसानी से खारिज कर दिया है। पी-मार्क और मैट्रिक्स के अनुमानों के अनुसार, गठबंधन को 122-132 सीटें मिल सकती हैं, जबकि पीपुल्स पल्स के अनुमानों के अनुसार उसे 125-145 सीटों का बड़ा अंतर मिलेगा। कम से कम अनुमान भी डीएमके के लिए लगातार दूसरी बार सत्ता में आने के लिए पर्याप्त है। वहीं, सर्वेक्षण के आधार पर एआईएडीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन को 65 से 100 सीटें मिलने का अनुमान है।

# यूपी का सबसे लंबा एक्सप्रेस वे जनता के लिए खुला




हरदोई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यूपी के हरदोई में प्रदेश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। इसके बाद एक्सप्रेस-वे जनता के लिए खोल दिया गया। इस पर चलने के लिए बाइक सवारों को भी टोल टैक्स देना होगा। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने ऐलान किया कि एक्सप्रेस-वे को हरिद्वार से भी जोड़ा जाएगा। पीएम ने सपा और कांग्रेस पर कहा- सपा विकास और नारी विरोधी है। बीते दिनों एक बार फिर देश ने इनका नारी विरोधी चेहरा देखा है। इन लोगों ने नारी शक्ति वंदन संशोधन के खिलाफ वोट किया। पीएम ने पश्चिम बंगाल में चल रही दूसरे चरण की वोटिंग का जिक्र किया। कहा- जो खबरें आ रही हैं, उनसे पता चलता है कि बंगाल में भारी मतदान हो रहा है। ऐसी वोटिंग दशकों में नहीं देखी। इससे पहले पीएम ने एक्सप्रेस-वे के किनारे पेड़ लगाया। सीएम योगी के साथ एक्सप्रेस-वे पर पैदल भी चले। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा। इससे मेरठ से प्रयागराज की दूरी सिर्फ 6 घंटे में पूरी होगी। अब तक 11-12 घंटे लगते थे। एक्सप्रेस-वे करीब 37,350 करोड़ रुपए की लागत से 5 साल में बनकर तैयार हुआ है। इस हिसाब से 1 किलोमीटर एक्सप्रेस-वे की औसत लागत करीब 62 करोड़ 87 लाख रुपए है।

### पीएम मोदी की 4 बड़ी बातें

- मुझे खुशी है कि यूपी सरकार ने इस एक्सप्रेस-वे का नाम मां गंगा के नाम पर रखा है। इसमें विकास का हमारा विजन भी झलकता है। हमारी विरासत के भी दर्शन होते हैं। डबल इंजन सरकार में शिलान्यास भी होता है और उद्घाटन भी होता है। यह सिर्फ हाई-स्पीड सड़क नहीं है, बल्कि नए सपनों का गेटवे है।
- पिछली सरकारों ने अपनी करतूतों के कारण अपराध और जंगलराज को यूपी की पहचान बना दिया। यूपी के माफियाओं पर फिल्में बनती थीं। आज यूपी की कानून व्यवस्था का देशभर में उदाहरण दिया जाता है। संसाधनों का बंदरबांट करने वाले जिन सपाइयों के हाथ से सत्ता गई, उन्हें यूपी की यह प्रगति पसंद नहीं आ रही है। वे यूपी को पुराने दौर में धकेलना चाहते हैं।
- बंगाल में पहले चरण की तरह ही जनता वोट देने के लिए बड़ी संख्या में घरों से निकल रही है। लंबी-लंबी कतारों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। पिछले 6-7 दशक में जो नहीं हुआ, जिसकी कल्पना भी मुश्किल थी, लोग भयमुक्त होकर वोट दे रहे हैं। मुझे विश्वास है कि इन पांच राज्यों के चुनाव में भी भाजपा ऐतिहासिक जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है।
- एनडीए सरकार नारी शक्ति वंदन संशोधन लेकर आई थी। अगर यह संशोधन पास हो जाता तो 2029 के चुनाव से ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण मिलता, लेकिन सपा ने इसके खिलाफ वोट किया। सपा कभी भी परिवारवाद और जातिवाद से ऊपर नहीं उठ सकती। ये लोग हमेशा विकास विरोधी राजनीति करेंगे। यूपी के लोगों को सपा से सावधान रहना है।

# मदन राठौड़ बोले- कांग्रेस पायलट का सम्मान नहीं कर रही

जयपुर।

जयपुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सचिन पायलट की तारीफ करते हुए कहा- वे सौम्य, सरल और अच्छे नेता हैं। राठौड़ ने कहा- पायलट ने कभी किसी के लिए लूज टॉक नहीं की, लेकिन अब कांग्रेस वाले उनसे दूरी बनाए हुए हैं। भाजपा मुख्यालय में बुधवार को मदन राठौड़ ने यह कहा।

बीजेपी प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल के पायलट को लेकर दिए बयान और गहलोत के उस पर पलटवार के बाद राठौड़ ने मीडिया से बात करते हुए यह कहा। राठौड़ बोले- हाल ही पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था कि पायलट की दोनों टांगें कांग्रेस में हैं। इस पर राठौड़ बोले- मतलब दिमाग बीजेपी में है, रास्ता तो आप दे रहे हो। पायलट के बीजेपी में आने के सवाल पर राठौड़ ने कहा- वे अपने विवेक से फैसला लें। किसी के आकर्षित करने से कोई प्रभावित नहीं होता है, लेकिन उनका कांग्रेस में सम्मान कहां है। कांग्रेस उनका सम्मान कहां कर रही हैं? राठौड़ बोले- दो दिन पहले अशोक गहलोत ने सार्वजनिक रूप से कह दिया कि पायलट ने भूल स्वीकार कर ली हैं और भविष्य में भूल नहीं करेगा। ऐसे में क्या गहलोत



पायलट को बच्चा समझते हैं। वे पायलट को प्रताड़ित करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं।

### पायलट अपने भविष्य का फैसला खुद करें

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- हमें किसी तरह की भूमिका बनाने की जरूरत नहीं है। पायलट विवेकशील हैं, वे देश की परिस्थिति के हिसाब से फैसला लेंगे। वे अपने भविष्य का फैसला खुद करें। हम तो हर उस व्यक्ति का सम्मान करेंगे, जिसमें राष्ट्र के प्रति भावना है, जिसमें राष्ट्रीय चरित्र हो। देश के लिए सर्वस्व समर्पण का भाव रखता हो। हमारी रीति-नीति को समझे, हम उसका सम्मान करेंगे।

# एआई अत्याधुनिक सीटी स्कैनर मशीन का शुभारंभ
## अब होगी गंभीर बीमारियों की होगी गहराई से जांच, पहले ही पता चल सकेगा हार्ट अटैक आएगा या नहीं

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शेखावाटी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी सुविधा झुंझुनू जिले में बुधवार को शुरू हुई। झुंझुनू शहर के अनुश्री डायग्नोस्टिक सेंटर में शेखावाटी की पहली अत्याधुनिक 384-स्लाइस सीटी स्कैनर मशीन का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिलानी विधायक पितराम सिंह काला ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान निहाल सिंह रणवा, उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनू के जिला अध्यक्ष मनोज मीलए पूर्व प्रधान शेर सिंह नेहरा, चिड़ावा के पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभाष शर्मा, पूर्व एडीएम चंदगीराम झाझडिया, कृषि विज्ञान केंद्र आबूसर के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. हनुमान प्रसाद, पूर्व शिक्षा संयुक्त निदेशक हरिराम महण रहे। अतिथियों ने फीता काटकर मशीन का विधिवत शुभारंभ किया तथा मुख्य अतिथि विधायक श्रवण कुमार ने नई अत्याधुनिक एआई मशीन से अपने शरीर की जांच भी करवाई। कार्यक्रम से पहले पंडित राजेश दायमा ने मंत्रोच्चार के साथ मशीन का पूजन करवाया। कार्यक्रम की शुरुआत में आयोजन समाजसेवी शीशराम हलवाई, मनफुल बिजारणिया, कमला देवी, रेडियोलॉजिस्ट डॉ अनुश्री, सर्जन डॉ अमित कुमार, डॉ अंकिता आबूसरिया, इंजीनियर



आदित्य दिवाच, इंजीनियर अर्पित दिवाच, विराट चौधरी, ऋषि दिवाच, जांच केंद्र के पीआरओ मुकेश कुमार, फतेहपुर जांच केंद्र प्रभारी सुनील बुडानिया, राजेश कुमार दिवाच, वेद प्रकाश दिवाच, शीशराम पूनिया आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान जांच केंद्र संचालिका डॉ अनुश्री ने बताया कि इस अत्याधुनिक एआई तकनीक आधारित मशीन से हार्ट समेत विभिन्न जटिल बीमारियों की जांच पहले से ज्यादा तेज और सटीक हो सकेगी। यह हाई-एंड मशीन सोमटम गो टॉप प्लेटफॉर्म पर आधारित है और इसे जर्मनी की एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी कंपनी सीमेंस हेल्थिनियर्स ने विकसित किया है। यह सीटी स्कैनर पूरी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से लैस है और 128 384 स्लाइस क्षमता के साथ आता है। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अनुश्री ने बताया कि इसकी सबसे बड़ी खासियत अल्ट्रा-फास्ट कार्डियक स्कैन है। जिससे हार्ट के मरीजों की जांच कुछ ही सैकंड में संभव हो जाती है। इस तकनीक से कोरोनरी एंजियोग्राफी, कैल्शियम स्कोरिंग और कार्डियक सीटी जैसी जांचें अधिक सटीकता के साथ की जा सकेंगी। अब तक इन जांचों के लिए मरीजों को जयपुर या बड़े शहरों में जाना पड़ता था व पूरे दिन का इंतजार करने के बाद रिपोर्ट मिलती थी लेकिन झुंझुनू शहर में नई सुविधा के शुरू होने से स्थानीय मरीजों को राहत मिलेगी। रेडियोलॉजिस्ट सुनील सैनी ने बताया कि एआई सिस्टम से लैस यह मशीन हार्ट डिजीज की शुरुआती पहचान और रिस्क इवैल्यूएशन में अहम भूमिका निभाएगी। साथ ही बिना ज्यादा इनवेसिव प्रक्रिया के स्क्रीनिंग संभव होने से मरीजों का अनुभव भी बेहतर होगा। इस अवसर पर फूल सिंह भाम्बू, डॉ. बंशीधर झाझड़िया, पीआरओ हिमांशु सिंह, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी अमर सिंह पचार, पूर्व एक्सईएन रामकुमार झाझड़िया, एईएन संजय कुमार, विजय गोपाल, हरिराम चंदवा, सारी सरपंच उम्मेद सिंह बराला, शिक्षक नेता हनुमान पचार, जयवीर सिंह श्योराण, नरेंद्र पूनिया, अशोक कटेवाए प्रकाश गुर्जर, मुरारी शर्मा, जगदीश हलवाई, रामपाल भगत आदि उपस्थित रहे।

# जयपुर में बारिश, 8 जिलों में ओले गिरे
## अंधड़ से बिजली का तार टूटा, पिता-पुत्र की मौत; गर्मी के कारण ट्रेन के ब्रेक में आग लगी

**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने से मौसम बदल गया है। जोधपुर, पाली, बाड़मेर, बालोतरा, चित्तौड़गढ़, कोटा, अलवर, दौसा में ओले गिरे। जयपुर, भीलवाड़ा में बरसात हुई। अंधड़ से चूरू के बीदासर में बिजली का तार टूटकर छत पर गिर गया। करंट से पिता-पुत्र की मौत हो गई। वहीं, धौलपुर में गर्मी के कारण ट्रेन कोच के निचले हिस्से में आग लग गई। आग ब्रेक पैडल वाले हिस्से लगी थी। जिसे कुछ देर बाद बुझा दिया गया। आशंका है कि आग गर्मी के कारण लगी थी।

बीते 24 घंटे में बदले मौसम के कारण कई शहरों का तापमान 5 डिग्री तक गिर गया। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह में दिन में तेज धूप रहने, दोपहर बाद आंधी और कहीं-कहीं हल्की बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मई की शुरुआत में भी तेज गर्मी रह सकती है।

### गर्मी को लेकर बड़े अपडेट्स...

**ट्रेन के कोच में लगी आग:** धौलपुर रेलवे स्टेशन पर दुर्ग से लुधियाना जा रही ट्रेन (15549) के एक जनरल कोच के निचले हिस्से में आग लग गई। रेलवे के सूत्रों के अनुसार आग गर्मी के कारण ब्रेक पैडल वाले हिस्से में लगी थी। कुछ मिनटों बाद ही आग को बुझा लिया गया।

**सुबह-सुबह बारिश, मौसम बदला:** जयपुर में सुबह हवा के साथ बूंदाबांदी हुई। देर रात से घने बादल छाने के कारण गर्मी कुछ कम हुई है। जयपुर के साथ अलवर, दौसा, कोटा, बालोतरा जिले के भी अधिकतर एरिया में बरसात हुई। ओले भी गिरे।

**करंट से पिता-पुत्र की मौत:** चूरू के बीदासर के रुपेली गांव में करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि महिला झुलस गई। हेड कॉन्स्टेबल महेश कुमार ने बताया- मंगलवार रात को आंधी आई थी।

## हीटवेव का असर जारी : आंधी-बारिश से मिलेगी राहत की सांस



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी है। कुछ हिस्सों में हीटवेव का असर जारी है, वहीं आंधी और हल्की बारिश की गतिविधियों के चलते कई जगह अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी इस तरह की गतिविधियां जारी रहने से लोगों को आंशिक राहत मिलने की संभावना है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के मुताबिक प्रदेश के कई इलाकों में हीटवेव और उष्ण रात्रि की स्थिति बनी हुई है, लेकिन कहीं-कहीं मेघ गर्जन, तेज हवाओं और हल्की बारिश का दौर भी देखने को मिला है। पिछले 24 घंटे में हनुमानगढ़ में सर्वाधिक 13 मिमी बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में वर्तमान में अधिकतम तापमान अधिकांश स्थानों पर 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जो सामान्य के आसपास है। सबसे अधिक तापमान फलोदी में 44.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि जयपुर में 40.9 डिग्री और कोटा में 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सीकर में 21 डिग्री सेल्सियस रहा।

### पश्चिमी विक्षोभ का असरए तेज हवाओं की चेतावनी

मौसम विभाग के अनुसार एक नए पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आ रही पूर्वी हवाओं के प्रभाव से अगले 2.3 दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी, मेघगर्जन और हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

### इन संभागों में बारिश के आसार

5 मई तक जयपुर, भरतपुर, अजमेर, बीकानेर और जोधपुर संभाग में कहीं.कहीं बारिश होने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा अलवर, भरतपुर, डीग, धौलपुर, झुंझुनू, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, सीकर, चूरू और हनुमानगढ़ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 30 अप्रैल को बारां, बूंदी, डीग, धौलपुर, झालावाड़, करौलीए कोटा और सवाई माधोपुर जिलों में भी बारिश और तेज हवाओं की संभावना है।

### तापमान का हाल

अजमेर 40.5, भीलवाड़ा 4.6, अलवर 41.2 पिलानी 41.8, चित्तौड़गढ़ 43, बाड़मेर 43, जोधपुर 42.3, बीकानेर 42.5, और श्रीगंगानगर 42, सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य जिलों में भी तापमान 37 से 43 डिग्री के बीच बना हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि मई के पहले सप्ताह में भी दोपहर बाद आंधी और मेघ गर्जन की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। हालांकि कुछ स्थानों पर हीटवेव की स्थिति बनी रहने की भी संभावना है।

### सावधानी जरूरी

विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर के समय धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और गर्म हवाओं से सतर्क रहने की सलाह दी है।

## पार्किंसन पर बड़ी जीत : डीबीएस सर्जरी से बुजुर्ग को मिली नई जिंदगी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सीकर के 68 वर्षीय एक बुजुर्ग के लिए पार्किंसन बीमारी के साथ जीवन दिन-दिन कठिन होता जा रहा था, लेकिन जयपुर में की गई आधुनिक डीप ब्रेन स्टिमुलेशन डीबीएस सर्जरी ने उन्हें नई उम्मीद और बेहतर जीवन दिया है। वर्ष 2015 में बीमारी का पता चलने के बाद मरीज लगातार दवाइयां ले रहे थे। शुरुआती दौर में राहत मिली, लेकिन समय के साथ दवाइयों का असर कम होता गया और समस्या बढ़ती गई। हालत यह हो गई कि कभी वे ठीक से चल नहीं पाते थे, तो कभी शरीर में अत्यधिक कंपन और अनियंत्रित मूवमेंट होने लगते थे। दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका था और छोटे-छोटे कामों के लिए भी उन्हें परिवार पर निर्भर रहना पड़ता था। बीमारी का असर मानसिक स्थिति पर भी पड़ा। लगातार परेशानी के चलते मरीज को चिंताए उदासी और भ्रम जैसी समस्याएं भी होने लगीं।

### जांच में सामने आई गंभीर स्थिति

नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर में जांच के दौरान मरीज की स्थिति मध्यम से गंभीर स्तर पर पाई गई। शरीर का बायां हिस्सा अधिक प्रभावित था और चलना-फिरना, खड़े होना या हाथों का सामान्य उपयोग करना भी बेहद कठिन हो गया था।

### डीबीएस सर्जरी बनी उम्मीद

डॉक्टरों ने मरीज को डीप ब्रेन स्टिमुलेशन डीबीएस सर्जरी की सलाह दी। सर्जरी से पहले विशेष परीक्षण किया गया, जिसमें दवाइयों के असर का मूल्यांकन किया गया और सकारात्मक परिणाम मिलने पर सर्जरी का निर्णय लिया गया। डीबीएस तकनीक में मस्तिष्क के एक विशेष हिस्से में छोटे इलेक्ट्रोड लगाए जाते हैं, जो हल्के इलेक्ट्रिक सिग्नल के जरिए दिमाग की गतिविधियों को नियंत्रित करते हैं। यह दवाइयों जैसा ही असर देता है, लेकिन अधिक स्थिर और लंबे समय तक प्रभावी रहता है।

### 5-6 घंटे चली सर्जरी, मिला बेहतर परिणाम

करीब 5 से 6 घंटे तक चली इस जटिल सर्जरी के दौरान मरीज को कुछ समय के लिए जागृत रखा गया, ताकि तुरंत सुधार का आकलन किया जा सके। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और अत्याधुनिक तकनीक की मदद से यह सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### दो हफ्तों में 80-90 प्रतिशत सुधार

सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब वे कम दवाइयों के साथ खड़े हो पा रहे हैं, बेहतर तरीके से चल पा रहे हैं और हाथों की मूवमेंट भी पहले से काफी सुधर गई है। मात्र दो सप्ताह में उन्होंने अपने दैनिक कार्य फिर से शुरू कर दिए और खुद को 80 से 90 प्रतिशत बेहतर महसूस कर रहे हैं।

### विशेषज्ञों की राय

कंसल्टेंट न्यूरोलॉजिस्ट और डीबीएस विशेषज्ञ डॉ. वैभव माथुर ने बताया कि कई मामलों में एक समय के बाद दवाइयां प्रभावी नहीं रहतीं, ऐसे में डीबीएस एक कारगर विकल्प बनता है। उन्होंने बताया कि अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विश्लेषण की मदद से मरीज के लक्षणों और उपचार को और अधिक सटीक बनाया जा रहा है। फैसिलिटी डायरेक्टर बलविंदर सिंह वालिया ने कहा कि अब राजस्थान के मरीजों को इस तरह की उन्नत सर्जरी के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। वहीं क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. प्रदीप कुमार गोयल ने बताया कि पार्किंसन केवल एक बीमारी नहींए बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करने वाली स्थिति है, जिसमें समय पर उपचार बेहद जरूरी है।

# चिकित्सा मंत्री खींवसर ने किया एसएमएस मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग में अत्याधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय जयपुर के ईएनटी विभाग में आधुनिक सुविधाओं के उन्नयन और विस्तार का लोकार्पण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बुधवार को किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विकास कार्य न केवल मरीजों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करते हैं, बल्कि यूजी और पीजी चिकित्सा विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। मंत्री खींवसर ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में इस तरह की अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तार प्रदेश की आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे प्रयास राजस्थान को चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंघल ने विभाग में हुए व्यापक सुधारों की जानकारी देते हुए बताया कि मरीजों की देखभाल, यूजी-पीजी शिक्षण, स्टाफ भर्ती और रिसर्च के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की सबसे बड़ी उपलब्धि अत्याधुनिक कॉक्लियर इम्प्लांट ऑपरेशन थिएटर की स्थापना है, जहां जटिल कान सर्जरी और सुनने की क्षमता बहाल करने वाले ऑपरेशन किए जाएंगे। डॉ. सिंघल ने बताया कि 800 वर्ग फीट क्षेत्र में 10 स्टेशनों वाला स्किल लैब तैयार किया गया है, जहां रेजिडेंट डॉक्टरों को व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा। साथ ही वर्टिगो जैसे रोगों के उपचार के लिए एक समग्र न्यूरो-ऑटोलॉजी लैब भी स्थापित की गई है। विभाग में ओपीडी और ओटी ब्लॉक का नवीनीकरण किया गया है तथा सियालोएंडोस्कोपी सेट सहित कई नए उपकरण जोड़े गए हैं। ऑडियोलॉजी सेवाओं को मजबूत करने के लिए नए कमरे, मशीनें और कुल 5 ऑडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की गई है, साथ ही 8 कमरों वाला ऑडियोलॉजी विंग विकसित किया गया है। डॉ. सिंघल ने बताया कि विभाग में अनुशासन बनाए रखने के लिए दो ऑडियोलॉजिस्ट को कार्यमुक्त भी किया गया है। यह अपग्रेडेशन ईएनटी विभाग को एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो आधुनिक चिकित्सा और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर प्रिंसिपल कंट्रोलर डॉ. दीपक माहेश्वरी, सुपरिंटेंडेंट डॉ. मृणाल जोशी, भाजपा नेता श्रवण सिंह बगड़ी सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक और रेजिडेंट उपस्थित रहे।

## उधार सब्जी देने से मना किया तो दुकानदार पर लाठी-डंडों से हमला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के जयसिंहपुरा खोर थाना क्षेत्र में उधार सब्जी देने से मना करना एक फल-सब्जी विक्रेता को भारी पड़ गया। करीब आधा दर्जन युवकों ने दुकान में घुसकर दुकानदार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले दुकान के अंदर मारपीट कीए फिर उसे घसीटकर सड़क पर लाकर बेरहमी से पीटा। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले भी कई बार उधार सब्जी लेकर गया था और पैसे नहीं लौटाए। इस बार उधार देने से मना करने पर विवाद हुआ और मारपीट की घटना हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि पीड़ित पप्पू लाल सैनी ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी 2 नंबर बस स्टैंड के पास फल-सब्जी की दुकान है। 27 अप्रैल की रात कुंडा रोड निवासी मोहित शर्मा नींबू खरीदने आया था। नींबू लेने के बाद जब पैसे मांगे गए तो उसने भुगतान से इनकार कर दिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसने अपने साथियों को बुला लिया। जिन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

जहां आरोपियों ने पहले दुकान के अंदर मारपीट की और सीसीटीवी का पता चलने पर उसे बाहर सड़क पर ले जाकर फिर से पीटा। हमले में उसके हाथों और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद दुकानदारों और राहगीरों ने बीच-बचाव कर उसे छुड़वाया। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल हरिनारायण ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर तलाश की जा रही है।

## राजस्थान पुलिस में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल : 52 उप पुलिस अधीक्षकों का किया तबादला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश के तहत राज्य में बड़े स्तर पर पुलिस अधिकारियों के पदोन्नति व तबादले किए गए हैं। पुलिस निरीक्षक पद पर कार्यरत कई अधिकारियों को उप पुलिस अधीक्षक डीएसपी पद पर पदोन्नत कर उनके नए पदस्थापन आदेश तत्काल प्रभाव से जारी किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक कार्यालय से जारी आदेशों के अनुसार पदोन्नत अधिकारियों को विभिन्न महत्वपूर्ण इकाइयों जैसे सीआईडीए साइबर क्राइम, एसओजी, नारकोटिक्स टास्क फोर्स, आरपीटीसी और पुलिस प्रशिक्षण स्कूलों में जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके साथ ही कई अधिकारियों को मुख्यमंत्री सुरक्षा प्रकोष्ठ और जिला स्तर पर अहम पदों पर तैनात किया गया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की ओर से जारी आदेशों के अनुसार अजयकांत रतूड़ी, राजीव भादू और नवनीत बिहारी व्यास को मुख्यमंत्री सुरक्षा प्रकोष्ठ जयपुर में उप पुलिस अधीक्षक लगाया गया है। वहीं नरेन्द्र कुमार, विरेन्द्र कुमार, प्रदीप शर्मा, अनिल कुमार मूण्ड और मांगीलाल विश्नोई को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स जयपुर में जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा साइबर क्राइम इकाइयों में भी बड़े स्तर पर नियुक्तियां की गई हैं। जिसमें रामनिवास मीणा अलवर, मदन लाल प्रतापगढ़, आनंद कुमार श्रीगंगानगर, दुर्गा प्रसाद दाधीच राजसमंद, बुद्धाराम बाड़मेर, पुरुषोत्तम महरिया भरतपुर, निरंजन प्रताप सिंह जालोर, विरेन्द्र पाल सिंह डीग, कैलाश चंद मीणा कोटा ग्रामीण और हंसाराम चौधरी डूंगरपुर को साइबर क्राइम में लगाया गया है। साथ ही स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी में महावीर सिंह यादव और रणजीत सिंह, जबकि एटीएस जयपुर में राजेश यादवए परवेज आलम सैयद और राजकुमार टेलर को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा रविन्द्र प्रताप को एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स में तैनात किया गया है। वहीं प्रशिक्षण संस्थानों में भी अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। शिखा विश्नोई को आरपीटीसी किशनगढ़, बाबूलाल मीणा को पीटीएस झालावाड़, देवेन्द्र प्रताप वर्मा को पीटीएस भरतपुर और रविन्द्र कुमार व मुकेश शर्मा को राजस्थान पुलिस अकादमीए जयपुर में लगाया गया है। एससीध्एसटी सेल में धर्मेंद्र पेवा पाली, अचलदान रत्नू जोधपुर ग्रामीण, श्याम सिंह रत्नू राजसमंद, कैलाशदान श्रीगंगानगर, राजेन्द्र कुमार शर्मा दौसा, लक्ष्मण राम विश्नोई जमेर, छत्तर सिंह जालोर और प्रेम दान रत्नू जैसलमेर को नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त दिनेश कुमार, राजेश बाफना और रविन्द्र कुमार को सीआईडी-एसएसबी मेंएजबकि नरपत सिंह चारण को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी जयपुर में तैनाती दी गई है। हरजिन्द्र सिंह और नरेंद्र सिंह को 10वीं बटालियन आरएसी बीकानेर में सहायक कमांडेंट बनाया गया है। वहीं सरोज धायल और बनवारी लाल मीणा को पुलिस आयुक्तालय जयपुर में सहायक पुलिस आयुक्त तथा देरावर सिंह और बाबूलाल चौधरी को जोधपुर पुलिस आयुक्तालय में अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पुलिस मुख्यालय ने सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने.अपने पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

## सिंधी कैंप पुलिस की तत्परता : बस में छूटे कीमती मोबाइल महज कुछ घंटों में बरामद कर युवक को लौटाया

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के व्यस्ततम सिंधी कैंप थाना पुलिस ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता और संवेदनशीलता का परिचय दिया है। पुलिस ने एक युवक का बस में छूटा हुआ मोबाइल न केवल ट्रैक किया, बल्कि उसे सुरक्षित ढूंढकर युवक के सुपुर्द भी किया। मोबाइल वापस पाकर युवक के चेहरे पर मुस्कान लौट आई और उसने राजस्थान पुलिस का दिल से आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार एक युवक बस से यात्रा कर सिंधी कैंप पहुंचा था। हड़बड़ी में बस से उतरते समय उसका कीमती मोबाइल फोन बस की सीट पर ही रह गया। जब युवक को इस बात का अहसास हुआ तो उसने तुरंत इसकी सूचना सिंधी कैंप पुलिस को दी। मोबाइल में युवक का काफी महत्वपूर्ण डेटा और दस्तावेज थे, जिसके खोने से वह काफी परेशान था। शिकायत मिलते ही ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल गणेश लाल ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने तुरंत तकनीकी सहायता और अपने नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए उक्त बस की लोकेशन ट्रेस की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस टीम मोबाइल को बस से सुरक्षित बरामद करने में सफल रही। थाना परिसर में जब पुलिस अधिकारी ने युवक को उसका मोबाइल सौंपा तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। युवक ने बताया उसे उम्मीद नहीं थी कि उसका फोन इतनी जल्दी मिल जाएगा। पुलिस ने उसकी समस्या को न केवल समझा, बल्कि तुरंत एक्शन लेकर उसका फोन लौटाया। इसके लिए वह राजस्थान पुलिस का बहुत आभारी है।

इस दौरान हेड कांस्टेबल गणेश लाल ने युवक और अन्य नागरिकों से अपील की कि वे सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते समय अपने कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें। बस या ऑटो से उतरते समय अपनी सीटों को अच्छी तरह चेक कर लें। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और उनके सामान की सुरक्षा ही हमारी प्राथमिकता है।

## बीमार पिता को बिस्तर से घसीटकर पीटा : मां-बेटी भी घायल

### बुजुर्ग दंपति ने लगाया बेटे-बहू पर जमीन हड़पने की कोशिश का आरोप

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के खोराबीसल थाना क्षेत्र के नांगल नाही इलाके में बुजुर्ग दंपति के साथ मारपीट और जमीन हड़पने की कोशिश का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता होटी देवी 65 ने अपने बेटे राजेश उर्फ राजू और बहू पूजा देवी पर मारपीट, प्रताड़ना और संपत्ति अपने नाम कराने के लिए दबाव बनाने के आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार उनका बेटा राजेश नशे का आदी है और वह अपनी पत्नी के साथ आए दिन परिवारजनों और आसपास के लोगों से झगड़ा करता रहता है। उन्होंने बताया कि उनके पति हरिनारायण शर्मा ;72द्ध का दो माह पूर्व गांठ का ऑपरेशन हुआ था, जिसके चलते वे बिस्तर पर हैं और चलने-फिरने में असमर्थ हैं। होटी देवी ने बताया कि 18 अप्रैल की रात करीब 8 बजे आरोपियों ने मकान और जमीन अपने नाम करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उन्होंने बीमार पति को बिस्तर से घसीटकर बाहर निकाल दिया और मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचीं होटी देवी और उनकी बेटी ममता के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उन्हें बचाया। आरोप है कि जाते समय राजेश ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी और अपनी पहुंच का हवाला देकर डराने का प्रयास किया। परिवार में बड़े बेटे बाबूलाल शर्मा के अलावा तीन बेटियां हैं, जिनमें छोटी बेटी ममता पिछले दो माह से माता-पिता की देखभाल कर रही है। बुजुर्ग दंपति का मुख्य व्यवसाय खेती है। इस संबंध में खोराबिसल थानाप्रभारी सुरेश चौधरी ने बताया कि 18 अप्रैल की रात दोनों पक्षों में विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और मामला शांत करवाया गया था। एक पक्ष द्वारा मारपीट और चोट लगने की शिकायत दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पीड़िता ने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर में बुध प्रदोष पर सजी भव्य फूल बंगला झांकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटी काशी के प्रसिद्ध श्री चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर में बुधवार को बुध प्रदोष के पावन अवसर पर गणेश जी महाराज का भव्य श्रृंगार किया गया। वहीं इस भीषण गर्मी को देखते हुए अब मंदिर में ठाकुर जी की सेवा-पूजा में भी शीतलता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### केवड़ा व गुलाब जल से अभिषेक

महंत पंडित अमित शर्मा के सानिध्य में आयोजित इस विशेष सेवा की शुरुआत सर्वप्रथम प्रथम पूज्य के अभिषेक से हुई। गणेश जी महाराज को केवड़ा जल और गुलाब जल से शीतल अभिषेक कराया गया। इसके पश्चात गणपति को नवीन सिंदूर का चोला चढ़ाकर आकर्षक नवीन पोशाक धारण कराई गई। शाम को मंदिर परिसर में महकते फूलों के बीच भव्य फूल बंगला झांकी सजाई गई, जिसके दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।



### ग्रीष्म ऋतु की विशेष भोग सेवा

बढ़ते तापमान और ग्रीष्म ऋतु के प्रभाव को देखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा गणेश जी महाराज की भोग सेवा में भी परिवर्तन किया गया है। अब ठाकुर जी को ठंडी तासीर वाली सामग्रियों का अर्पण शुरू कर दिया गया है। बुधवार को भोग में ठंडाई एशरबत, राबड़ी, दही, तरबूज, मतीरा और अन्य मौसमी फल मुख्य रूप से अर्पित किए गए। महंत अमित शर्मा ने बताया कि परंपरा अनुसार ऋतु परिवर्तन के साथ ही भगवान की पोशाक और खान-पान में बदलाव किया जाता है, ताकि उन्हें शीतलता प्रदान की जा सके। देर रात तक भक्त गणेश जी की मनमोहक झांकी के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाते रहे।

## 2 मई को मनाया जाएगा नारद जयंती महोत्सव

**जयपुर (नवयत्न)।** ठिकाना गोविंद देव जी की कृपा आर्ष संस्कृति दिग्दर्शक ट्रस्ट एवं श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर दिल्ली रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में 2 मई को श्री नारद जयंती वरिष्ठ पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा । गोविंद देव जी के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंचमुखी हनुमान की पूजा अर्चना, महर्षि नारद की पूजा अर्चना महाआरती की जाएगी । इस मौके पर खोजी द्वाराचार्य राम रिछपाल दास महाराज त्रिवेणी धाम मुख्य अतिथि, भाजपा प्रदेश प्रभारीएहरियाणा सतीश पूनिया, विशिष्ट अतिथि बृजमोहन शर्मा, पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा और मुख्य वक्ता जितेंद्र सिंह शेखावत आयोजन में शिरकत करेंगे । जयंती के अवसर पर संत महंतों के सानिध्य में सामाजिक धार्मिक उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया जाएगा ।

## जनगणना 2027 का प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ क्षेत्र में जनगणना 2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का प्रशिक्षण राजकीय लोहिया कन्या महाविद्यालय में प्रारंभ हुआ। विशेषज्ञ फील्ड ट्रेनर्स द्वारा जनगणना 2027 में नियुक्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार के संबोधन के साथ शुरू हुआ । फील्ड ट्रेनर श्री विक्रम सिंहएनरेंद्र सांकृत्य, विनोद सिसोदिया, नंद लाल स्वामी उपस्थित रहे। फील्ड ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण में जनगणना का उद्देश मुख्य विशेषता विधिक प्रावधान मकान सूचीकरण ऐप नजरी नक्शा के बारे में बताया। प्रशिक्षको ने मकान सुचिकरण, भवन, परिवार गणना का प्रशिक्षण दिया। उपखंड अधिकारी मिथलेश कुमार ने सभी को जनगणना कार्य को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर तहसीलदार हरदीप सिंह, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास व नायब तहसीलदार किशना राम पूनिया उपस्थित रहे।

## अपना घर आश्रम नोखा की सेवा व्यवस्था से प्रभावित हुए मनोचिकित्सक डॉ. आशीष दादर्री

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे अपना घर आश्रम, नोखा की व्यवस्थाओं एवं सेवा भावना से कोटा से पधारे प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. आशीष दादरी अत्यंत प्रभावित नजर आए। उन्होंने आश्रम का विस्तृत निरीक्षण किया और यहां की व्यवस्थाओं को उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय बताया। डॉ. दादरी ने कहा कि अपना घर आश्रम वास्तव में मानव सेवा का जीवंत उदाहरण है। यहां जिस समर्पण, प्रेम और संवेदनशीलता के साथ प्रभुजनों की सेवा की जा रही है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। नर सेवा को नारायण सेवा मानकर कार्य करना ही सच्चा धर्म है, और यह भाव यहां स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अपने दौरे के दौरान उन्होंने आश्रम में निवासरत लगभग 200 प्रभुजनों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी नि:शुल्क परामर्श एवं प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने प्रभुजनों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और आवश्यक मार्गदर्शन दिया। डॉ. दादरी ने आश्रम की चिकित्सा व्यवस्था की भी सराहना करते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार की कोई कमी रहती है, तो उसके सुधार हेतु वे स्वयं सहयोग करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे प्रत्येक माह आश्रम का नियमित दौरा करेंगे तथा ऑनलाइन माध्यम से भी हर समय अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह में ही उन्होंने कई प्रभुजनों को ऑनलाइन परामर्श देकर लाभान्वित किया है। इस अवसर पर आश्रम के सचिव द्वारा उन्हें पूरे परिसर का भ्रमण करवाया गया एवं विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी दी गई।

## वार्ड सभा का आयोजन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के वार्ड संख्या 44 में पण्डितपुर स्थित परमहंस शिवालय प्रांगण मे मुख्यमंत्री विकसित शहरी वार्ड अभियान के तहत वार्ड सभा का आयोजन हुआ। नगरपालिका कनिष्ठ अभियंता सुनील मंडार उनके साथ आए अशोक मीणा एवं सुरेंद्र कुमार बेनीवाल के नेतृत्व में आयोजित वार्ड सभा में भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद अरविन्द इंदौरिया ने बताया की राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चलाए जा रहे मुख्यमंत्री विकसित शहरी वार्ड अभियान में विजन 2030, 2035 एवं 2047 के अंतर्गत विकास का मास्टर प्लान बनाने के लिए आम जन से सुझाव लेकर अंकित किए जा रहे है। इन सुझावों को शामिल कर आने वाले समय के लिए विकसित राज्य का रोडमैप तैयार किया जा रहा है । इस मौके पर कनिष्ठ अभियंता सुनील मंडार ने आम जन द्वारा दिए गए सुझावों को अंकित कर आगामी विकास के मास्टर प्लान में जुड़वाने का आश्वासन दिया। वार्ड सभा में आए लोगों ने 33 केवी की विद्युत लाईन को हटवाने, मृत पशुओं एवं टेंकर द्वारा डाले जा रहे गटर के गंदे पानी को बस्ती से दूर डालने, ड्रेनेज योजना चालू करने ए रोजमर्रा की भीड़ वाले इलाकों एवं सार्वजनिक मेला स्थलों पर सुलभ शौचालय बनाए जाने, सार्वजनिक पार्क निर्माण, राजकीय भूमि एवं सड़क किनारे वृक्षारोपण किए जाने, नगरपालिका को नगरपरिषद में क्रमोन्नत किए जाने, प्रधानमंत्री आवासीय योजना में पक्के घर निर्माण करवाने, सरदारशहर बाई पास टी पॉइंट पर बस स्टॉप की स्थापना करवाना एवं वार्ड में विकसित क्षेत्र में भूमिगत गैस पाईप लाईन डलवाने इत्यादि के सुझाव रखे। इस मौके पर रामौतार पुरोहित, राधेश्याम महर्षि, रामगोपाल पारीक, पवन कुमार तिवाड़ी, गोपाल हरितवाल, माणकचन्द दर्जी, रामौतार रक्षकए महेश भार्गव, पवन कुमार हारित, संजय कुमार धरड़, गोविन्द भार्गव, बीरबल भार्गव, राकेश सोनी, पुष्कर स्वामी, शिवा शर्मा, बुलादेव भाटी, मुकेश पारीक, बाबूलाल खटीक, पूनमचंद सोनी, लूणाराम भार्गव, उम्मेद दर्जी एवं गोविंद रक्षक सहित दर्जनों मोहल्ले वासी उपस्थित हुए।

## द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में वर्ष 2026 कि द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के संबंध में न्यायालय परिसर बैठक अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीमा कंपनियों के अधिवक्ता कृ प्रकाश मारू, धीरेन्द्र राठौड़, महेंद्र डूकिया एवं प्रमोद इंदौरिया, संजय भाटी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे, जबकि संबंधित बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक के दौरान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित लंबित प्रकरणों के अधिकाधिक निस्तारण पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान निर्देश दिए गए कि लंबित प्रकरणों में प्री.काउंसलिंग की प्रक्रिया समय पर ही पूर्ण की जाए, ताकि 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

## 33 मिलियन डॉलर की फंडिंग के साथ साही करेगा विस्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** परफॉर्मेंस-ड्रिवन रिटेल ट्रेडर्स के लिए बनाए गए ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म साही ने 33 मिलियन डॉलर की सीरीज-बी फंडिंग जुटाने की घोषणा की है। इस निवेश राउंड का नेतृत्व प्रमुख वेंचर कैपिटल फंड एक्सेल ने किया, जबकि एलिवेशन कैपिटल ने भी इसमें भागीदारी की। कंपनी इस नई पूंजी का उपयोग अपनी टेक्नोलॉजी और एआई स्टैक को मजबूत करने, नए ट्रेडिंग कैटेगरी में विस्तार करने और यूजर बेस बढ़ाने में करेगी। अगस्त 2023 में डेल वाज और मनीष जैन द्वारा स्थापित साही एक एनएसई और बीएसई रजिस्टर्ड ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म है, जो रिटेल ट्रेडर्स को संस्थागत स्तर के टूल्स, तेज निष्पादन और बेहतर इनसाइट्स उपलब्ध कराने पर केंद्रित है। कंपनी का मानना है कि गंभीर निवेशकों को बेहतर और सरल प्लेटफॉर्म मिलना चाहिए। सह.संस्थापक और सीईओ डेल वाज ने कहा कि भारत में करोड़ों निवेशक होने के बावजूद कई ट्रेडर्स अब भी जटिलताओं से जूझ रहे हैं। साही का उद्देश्य उन्हें सरल यूआई, तेज गति और प्रोफेशनल-ग्रेड इनसाइट्स देना है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ ट्रेड कर सकें। वहीं सह-संस्थापक और सीपीओ मनीष जैन ने बताया कि प्लेटफॉर्म को ट्रेडर्स की वास्तविक जरूरतों और काम करने के तरीके को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। एक्सेल की प्रिंसिपल मांसी शाह ने कहा कि भारत में रिटेल ट्रेडिंग का उभार स्थायी है और साही जैसे एआई-आधारित प्लेटफॉर्म इस क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। एलिवेशन कैपिटल के पार्टनर वास भास्कर ने भी कंपनी की ग्राहक.केंद्रित सोच और तेज प्रोडक्ट इनोवेशन को इसकी सफलता का प्रमुख कारण बताया।

## साहित्यकार डॉ. पचरंगिया की दौहित्री राजश्री ने जीता सिल्वर मेडल

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** नेशनल रोलर ओपन स्केटिंग चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन राष्ट्रीय बाल भवन दिल्ली के स्टेडियम में भारत स्पोर्ट्स मैनेजमेंट द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे सेंट कोलंबस स्कूल के विद्यार्थियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इसमें देशभर के हजारों बच्चों ने प्रतिभागिता दिखाई। वहीं चिड़ावा के साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश पचरंगिया की दोहित्री राजश्री शर्मा ने प्रतियोगियों को कड़ी टक्कर देते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय की छात्रा यशिका, भव्या और छात्र अद्विक ने क्रमशः सिल्वर और ब्रोंज मेडल जीता। विद्यालय परिवार और कोच मेघा मिथलेश ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

# भाजपा नेता के ऑफिस में लगी अचानक आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर में भाजपा नेता राकेश जांगिड़ के आवास स्थित उनके ऑफिस में बुधवार सुबह करीब अचानक आग लग गई जिससे कार्यालय का सारा सामान जलकर राख हो गया। भाजपा नेता जांगिड़ ने बताया कि बुधवार सुबह वे अपने कार्यालय में बैठे थे उस दौरान बिजली कभी तेज कभी कम हो रही थी। इसके बाद वे करीब पौने 11 बजे कार्यालय बंद कर किसी शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर चले गए थे तभी पीछे से उन्हें सूचना मिली कि उनके कार्यालय में आग लग गई है। जांगिड़ ने बताया कि हाई वोल्टेज आने से शॉर्ट सर्किट से उनके कार्यालय में आग लग गयी और आग की लम्बी लम्बी लपटे बाहर निकलने लगी। परिवार के लोगों व आसपास के पड़ोस के लोगों ने आग की लपटें देखी तो दौड़कर वंहा आए व आग की सूचना नगरपालिका की फायर बिग्रेड को दी। परिजनों व पड़ोसियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकि तब तक आग से कार्यालय में रखा सामान कम्प्यूटर, एसीए पंखे, फर्नीचर, कुर्सियां, जरूरी कागजात आदि सारा सामान जलकर राख हो गया था। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर लोगों की मदद से आग को बुझाया। उधर सूचना मिलते ही थाने एएसआई विजय कुमार ने मौके पर पहुंचकर आगजनी का जायजा लिया।



## रामकथा का आयोजन कल से

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शहर में भव्य राम कथा का आयोजन होने जा रहा है। जानकारी देते हुए ब्राह्मण समाज के युवा नेता ललित जोशी ने बताया कि 1 मई को धर्मदास महाराज के सानिध्य में भव्य रामकथा का शुभारंभ होगा जिसकी शुरुआत एक मई को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। कलश यात्रा झुंझुनू के प्रख्यात संत ओमनाथ महाराज के सानिध्य में होगी तथा मुख्य अतिथि झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांभू होंगे। यात्रा में झुंझुनू शहर के सभी धर्मावलंबी उपस्थित रहेंगे। यात्रा का शुभारंभ बावलियों की बगीची से होगा जो कि झुंझुनू शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई चुना चौक कथा स्थल पर पहुंचकर समापन होगा। रामकथा के भव्य आयोजन के लिए शहर के सभी लोगों से संपर्क किया जा रहा है। व युवाओं की एक टीम बनाकर उन्हें जिम्मेदारिया दी गई है।

## भागवत कथा में मनाया श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** ललित दाधीच राजलदेसर माली सैनी समाज भवन में चल रही स्व. ईशरराम एसुखी देवी खडोलिया की पुण्य स्मृति में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक लीलाओं एवं रुक्मणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन सुनाया। महाराज श्री ने कहा कि नंदालय में गोपियों का तांता लगा रहता था, जहां हर गोपी भगवान से यही प्रार्थना करती थी कि किसी न किसी बहाने कन्हैया उनके घर पधारें। उन्होंने बताया कि जिसकी भगवान के चरणों में प्रगाढ़ प्रीति होती है, वही जीवन्मुक्त कहलाता है। बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उन्होंने माखन चोरी का प्रसंग सुनाया, जब मैया यशोदा के आने पर कन्हैया ने हंसते हुए कहा कि मैया, आपने इतने मणिमय आभूषण पहना दिए हैं कि मेरे हाथ गर्म हो गए हैं, इसलिए मैं माखन की हांडी में हाथ डालकर इन्हें शीतल कर रहा हूं। इस प्रसंग पर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके साथ ही कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। शिवेन्द्राश्रम महाराज ने बताया कि रुक्मणी ने भगवान श्रीकृष्ण को मन ही मन अपना पति स्वीकार कर लिया था और उन्हें संदेश भेजकर स्वयं का हरण करने का निवेदन किया। भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मणी का हरण कर विधिवत विवाह रचाया, जो सच्चे प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक है। कथा के दौरान भजनों और सुंदर झांकियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने भी शिरकत की। खडोलिया परिवार के द्वारा रिणवां का दुप्पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य यजमान नंदलाल खडोलिया सहपत्नीक, सांवरमल, शंकरलाल, बनवारीलाल खडोलिया, निर्मल सैनी दिल्ली, प्रकाश खडोलिया, झाबरमल रेवाडिया, मूलचंद दाधीच, मनोज मारू, संतोष मीणा, देवकी तोदी, महावीर फोगला, रामगोपाल दाधीच, गणेश रेवाडिया, ललित दाधीच, भाजपा जिला प्रवक्तापवन बोथरा, पवन मारू, संतोष मीणा, देवकीनंदन तोदी, जोराराम माली, पार्षद शीतल प्रकाश खडोलिया, भवानी सैनी मंत्री, विनोद सैनी पार्षद प्रतिनिधि, शंकर लाल ख डोलिया, परमेश्वर, चोरू लाल, महावीर फोगला, हनुमान मल सोनी,पवन कुमार सोनी, एडवोकेट विकास शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में आगामी जनगणना कार्य में इस्तेमाल होने वाले एचएलओ ऐप तकनीकी समस्या को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने तहसीलदार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। महासंघ के खण्ड अध्यक्ष निलेश इन्दौरिया ने बताया कि यह ऐप केवल एंड्रॉयड 12 या उसके ऊपर के वर्ज़न में ही कार्य करता हैं, जिसके कारण ऐसे शिक्षक जिनके पास पुराने मोबाईल उनको नया स्मार्टफोन खरीदने बाध्य होना पड़ रहा हैं। जिसका महासंघ कड़ा विरोध करता हैं। इस दौरान ऋषि कुमार सिंह, अंजू चौहान, संगीता शर्मा, अंकित सेवदा, मुकेश शर्मा, कुलविंद्र सिंह, सीमा रानी, महेश शर्मा, नरेंद्र सांकृत्य, विनोद शर्मा, वीरेंद्र जायसवाल, अशोक शर्मा, पुरुषोत्तम, राकेश नायक, नवरत सहित पदाधिकारियों ने कहा की शिक्षकों के निजी संसाधनों पर राजकीय कार्यों का बोझ डालना न्याय संगत नहीं है।



## विद्युत करंट से हुई पिता-पुत्र की मौत

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती रूपेली गांव में बुधवार की सुबह दुःखद हादसा हुआ है। जिसके तहत घर में कपड़े सुखाते वक्त पिता और पुत्र की विद्युत करंट से मौत हो गई जबकि माता घायल हो गई। जानकारी के अनुसार वृद्ध पोकरमल सिंवर और उसके 20 वर्षीय पुत्र पंकज की इस हादसे में मौत हो गई। जबकि पोकरमल की पत्नी चुन्नीदेवी घायल हो गई। पोकरमल को बचाने के चक्कर में पंकज भी करंट की चपेट में आया गया और पिता-पुत्र की जान चली गई। पोकरमल खेतीबाड़ी का काम करते थे जबकि पंकज पढ़ाई कर रहा था। दोनों के शवों को सुजानगढ़ की राजकीय बगड़िया हॉस्पिटल की मोर्चरी में लाया गया। जहां बीदासर थाना हेड कांस्टेबल महेश कुमार ने पहुंच कर मामले की जानकारी ली।

## तूफान का कहर : गोशाला में 25 लाख का नुकसान, चारे पर मंडराया संकट

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** मंगलवार अर्धरात्रि के बाद आए भीषण आंधी-तूफान ने श्री राजलदेसर गोशाला में भारी तबाही मचा दी। तेज हवाओं के प्रचंड वेग के चलते चारा भंडार गृह पर लगा विशाल टीन शेड लगभग 100-80 फीट, 24 फीट ऊंचाई पूरी तरह उखड़कर क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा ने गौशाला की व्यवस्थाओं को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। टीन शेड के क्षतिग्रस्त होने से उसके नीचे सुरक्षित रखा हजारों क्विंटल चारा अब खुले आसमान के नीचे आ गया है, जिससे उसके खराब होने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। मौसम के अनिश्चित मिजाज को देखते हुए कभी भी बारिश होने की संभावना बनी हुई है, जो इस संकट को और गहरा सकती है। गोशाला उपाध्यक्ष वीरेंद्र लाटा एवं मंत्री ललित दाधीच ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आपदा से लगभग 25 लाख रुपये का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने चिंता जताई कि यदि शीघ्र व्यवस्था नहीं की गई, तो गौमाता के लिए चारे का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है । गोशाला प्रबंधन ने क्षेत्र के भामाशाहों, समाजसेवियों एवं गौभक्तों से मार्मिक अपील करते हुए कहा है कि इस संकट की घड़ी में आगे आकर सहयोग प्रदान करें। क्षतिग्रस्त टीन शेड की तत्काल मरम्मत एवं चारे को सुरक्षित रखने के लिए आर्थिक एवं सामग्री सहयोग की अत्यंत आवश्यकता है, ताकि गौसेवा का यह पुण्य कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे। बुधवार शाम को गौशाला समिति ने कार्यकारणी की आपात बैठक भी बुलाई गयी।



# पक्षियों के लिए जल सेवा अभियान शुरू

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी के इस तपते दौर में जहाँ मानव जीवन ही नहींए बल्कि पक्षियों का अस्तित्व भी संकट में है, वहीं दांतारामगढ़ में एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। भारत विकास परिषद की दांतारामगढ़ शाखा ने पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जल पात्र परिंडे स्थापित किए। शाखा के सदस्यों ने सामूहिक रूप से 51 परिंडे मंदिरों, विद्यालयों और अस्पताल परिसरों में लगाए, ताकि प्यास से व्याकुल पक्षियों को स्वच्छ जल सहज रूप से उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही नागरिकों को भी अपने घरों और छतों पर परिंडे लगाने के लिए प्रेरित करते हुए उनका वितरण किया गया। यह पहल न केवल सेवा का कार्य है, बल्कि समाज में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी जागृत करती है। कार्यक्रम में डॉ. जे.पी. स्वामी, गजानंद कुमावत, सत्यनारायण शर्मा, विजय शर्मा, वैद्य पुरुषोत्तम इंदौरिया, डॉ. पुनीत शर्मा, बंटी हल्दुनिया, लक्ष्मीनारायण भिंडा, श्याम सुंदर सोनी, पूरणमल शर्मा, अशोक कुमावत, महेश शर्मा, नेमीचंद सैन, विमला देवी वर्मा, रितु पारीक, ललिता शेखावत सहित अनेक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस सेवा कार्य को सफल बनाया। इस अवसर पर श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि जीव-जंतुओं के संरक्षण और उनके लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने परिंडे लगाने को एक छोटा लेकिन अत्यंत प्रभावी कदम बताते हुए इसे मानवता और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखने का माध्यम बताया। शाखा सचिव विजय शर्मा ने बताया कि परिषद की मूल भावना समर्पण, सेवा और संस्कार को साकार करते हुए शाखा निरंतर समाजोपयोगी कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। वहीं शाखा अध्यक्ष वैद्य पुरुषोत्तम इंदौरिया ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे भी इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें और अपने घरों व आसपास के स्थानों पर परिंडे लगाकर पक्षियों के जीवन की रक्षा में योगदान दें। यह अभियान केवल एक सेवा कार्य नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को प्रकृति संरक्षण के इस पुनीत प्रयास से जोड़ने की प्रेरणा है। जहाँ एक छोटी सी पहल भी अनगिनत जीवन बचा सकती है।




## बूथ पर नहीं रुकती रोडवेज बसें, यात्रियों की बढ़ी परेशानी



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के रोडवेज बस स्टैंड पर इन दिनों अव्यवस्था का आलम बना हुआ है। बसों का निर्धारित बूथ पर नहीं लगना यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। यात्रियों का आरोप है कि अधिकांश रोडवेज बसें तय बूथ पर खड़ी करने के बजाय रास्ते में ही रोक दी जाती हैं, जिससे चढ़ने-उतरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यात्रियों ने बताया कि जब वे ड्राइवर और कंडक्टर से बस को बूथ पर लगाने की बात करते हैं, तो कई बार उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है और उल्टा यात्रियों से ही बहस की जाती है। इस स्थिति के चलते बस स्टैंड पर आए दिन अफरा-तफरी का माहौल बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बसों के इधर-उधर खड़े होने से दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना रहता है। कई बार अचानक बस रुकने या चलने से यात्री गिरकर चोटिल हो चुके हैं। बावजूद इसके, संबंधित विभाग इस ओर कोई ठोस कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा है।यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि बसों को निर्धारित बूथ पर ही खड़ा करने के सख्त निर्देश दिए जाएं और नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों व परिचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और व्यवस्थित सुविधा मिल सके। वहीं दूसरी ओर बसें रुकने से सामान बैचने वाले झूंड के रूप में अन्दर घुस जाते हैं, जिससे यात्रियों को बस से उतरने व चढ़ने में काफी परेशानी होती है वहीं सामान गायब होने की घटना होना आम बात है।

## उत्कृष्ट सेवा के लिए तीन अधिकारियों को मिली डीजीपी डिस्क

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस मुख्यालय में बुधवार को आयोजित रेंज समीक्षा बैठक के बीच एक विशेष सम्मान और विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में लंच के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान के लिए तीन पुलिस अधिकारियों को प्रतिष्ठित डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया और सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी को विदाई दी गई।

समारोह के मुख्य चरण में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने विभाग के तीन अधिकारियों को उनकी सराहनीय सेवाओं और विशिष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित डीजीपी डिस्क प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले अधिकारियों में भरतपुर रेंज आईजी कैलाश विश्नोई, कोटा रेंज आईजी राजेन्द्र प्रसाद गोयल और भीलवाड़ा के दुर्गालाल ढोली शामिल रहे।



इसी कड़ी में कोटा रेंज आईजी के पद से सेवानिवृत्त हो रहे राजेन्द्र प्रसाद गोयल का अभिनंदन किया गया।

डीजीपी शर्मा, डीजी लॉ एंड ऑर्डर संजय अग्रवाल, डीजी ट्रैफिक अनिल पालीवाल और डीजी स्पेशल ऑपरेशन्स आनंद श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके पुलिस विभाग में लंबे और गौरवशाली कार्यकाल की सराहना की। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके भविष्य के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। समारोह के दौरान पीएचक्यू के वरिष्ठ अधिकारियों सहित सभी रेंज आईजी और जयपुर व जोधपुर के पुलिस आयुक्त उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक की गंभीरता के बाद लंच के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम ने विभाग में सकारात्मकता और उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम का समापन सम्मान, सराहना और भावनात्मक विदाई के साथ हुआ।

## ग्रह गोचर : ग्रहों के राजकुमार आज करेंगे मेष राशि में प्रवेश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वैशाख माह के अंतिम चरण में 30 अप्रैल सुबह 6:55 बजे ग्रहों के राजकुमार बुध मीन राशि से मेष राशि में प्रवेश करेंगे, जहां पहले से सूर्य की उपस्थिति के कारण बुधादित्य योग का निर्माण होगा। यह योग 14 मई तक मेष राशि में प्रभावी रहेगा। इसके बाद 14 मई को बुध वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे और 15 मई को सूर्य भी वहीं पहुंचेंगे। इससे बुधादित्य योग का दूसरा चरण 29 मई तक प्रभाव में रहेगा। इस प्रकार यह शुभ योग करीब एक माह तक सक्रिय रहेगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार बुध को बुद्धि, वाणी, संवाद, निर्णय क्षमता और व्यापार का कारक माना जाता है। सूर्य के साथ इसका योग बनना विशेष फलदायी माना जाता है। इस अवधि में लोगों की सोचने और निर्णय लेने की क्षमता में सुधार होगा। कार्यों में स्पष्टता आएगी और योजनाएं तेजी से आगे बढ़ेंगी। उन्होंने बताया कि यह योग व्यापार और नौकरी से जुड़े लोगों के लिए विशेष लाभकारी रहेगा।

## सम्पादकीय

# दबाव से परे ईरान



अमेरिका-ईरान में दूसरे दौर की वार्ता को लेकर व्याप्त अनिश्चितता के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री ने जिस तरह यह कहा कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना मुख्य मुद्दा है, उससे यही स्पष्ट हुआ कि उनकी प्राथमिकता बदली है। अभी तक अमेरिका ईरान में सत्ता परिवर्तन के साथ उसके मिसाइल कार्यक्रम को सीमित करने और परमाणु हथियार बनाने की योजना का परित्याग करने पर जोर दे रहा था।

अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च शासक खामेनेई के मारे जाने से वहां नेतृत्व तो बदल गया, पर सत्ता परिवर्तन फिर भी नहीं हो पाया। इसके बाद भी अब अमेरिका इसकी जरूरत नहीं जता रहा है। उसने ईरान के मिसाइल कार्यक्रम की भी अनदेखी कर जिस प्रकार उसके परमाणु हथियार बनाने के इरादे को मुख्य मुद्दा बताया, उससे यही लगता है कि वह इसी मसले पर कोई समझौता कर लेना चाहता है।

कठिनाई यह है कि ईरान इस मसले पर बात करने को तैयार नहीं। गत दिवस ही उसके विदेश मंत्री ने कहा था कि यूरेनियम संवर्धन समझौते के बाहर का मुद्दा है। इसका अर्थ है कि अमेरिका जिस मुद्दे को सबसे महत्वपूर्ण कह रहा, ईरान उसे कोई महत्व नहीं दे रहा।

ईरानी विदेश मंत्री का यह भी दावा है कि उनके पास परमाणु क्षमता है, लेकिन वे हथियार नहीं बना रहे हैं। इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि ईरान ने नागरिक उपयोग के लिए तय सीमा से कहीं अधिक यूरेनियम संवर्धन कर लिया है। यह सीमा इतनी अधिक है कि वह कुछ ही समय में परमाणु हथियार बना सकता है।

अमेरिका और इजरायल के साथ खाड़ी देश ऐसा कभी नहीं होना देना चाहेंगे। ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना पश्चिम एशिया के साथ विश्व शांति के भी हित में है। उसे होर्मुज पर आधिपत्य जमाने के साथ-साथ परमाणु हथियार बनाने से भी रोका जाना चाहिए। कठिनाई यह है कि अमेरिका ईरान की नाकेबंदी करने के बाद भी उस पर इतना दबाव बनाने में समर्थ नहीं कि वह वार्ता की मेज पर आने को विवश हो।

लगता है इस नाकेबंदी के बाद भी ईरान चोरी-छिपे तेल बेचने में समर्थ है। जो भी हो, अमेरिका ईरान पर दबाव बनाने में इसलिए भी अक्षम है, क्योंकि उसने जिस पाकिस्तान को मध्यस्थता सौंपी है, वह केवल संदेशों का आदान-प्रदान ही कर सकता है। ईरान पर जो देश दबाव बना सकते हैं, वे हैं चीन और रूस। चूंकि ये दोनों देश अमेरिका को कमजोर होते देखना चाहते हैं, इसलिए वे ईरान के साथ खड़े हैं। भारत इस स्थिति में अवश्य है कि वह दोनों पक्षों में कोई बीचबचाव कर सकता है, पर वह अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखा रहा है। चूंकि वह होर्मुज बाधित होने से कहीं अधिक प्रभावित है, इसलिए उसे अमेरिका-ईरान के बीच गतिरोध तोड़ने की संभावना टटोलनी चाहिए।

## विशेष आलेख

# आया राम-गया राम की संस्कृति और संवैधानिक पाप

क्या दल-बदल करने वाले निर्वाचित प्रतिनिधियों का यह दायित्व नहीं होना चाहिए कि वह उस मतदाता को भी विश्वास में लें जिसने उन्हें चुना है? कोई कानून इस आशय का भी बनना चाहिए जो मतदाता के 'अधिकार' को संज्ञान में ले। कुछ ऐसी व्यवस्था भी है, जो यह निर्धारित करे कि दल-बदल करने वाले निर्वाचित व्यक्ति को अपने मतदाता से भी पहले पूछना पड़े। लगभग साठ साल पुराना किस्सा है, जिसे भारतीय राजनीति के संदर्भ में चटखारे ले-लेकर सुना-सुनाया जाता है। हरियाणा विधानसभा में एक विधायक थे गया लाल। कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे वे। एक दिन अचानक उन्हें इलहाम हुआ कि अब कांग्रेस पार्टी उनके अनुकूल नहीं है। वे कांग्रेस पार्टी छोड़कर जनता पार्टी के साथ जुड़ गये। कुछ घंटे बाद उन्हें लगा उनका यह निर्णय सही नहीं है। वे फिर अपने घर यानी कांग्रेस पार्टी में लौट आये। फिर अचानक उनके ज्ञान-चक्षु खुल गये, उन्हें समझ आया कि उनका सवेरे वाला निर्णय ही सही था। वे कांग्रेस से फिर जनता पार्टी में चले गये। एक ही दिन में तीन बार अपनी पार्टी बदलकर इन विधायकजी ने भारतीय राजनीति को एक नया मंत्र भी दे दिया और यह भी समझा दिया कि 'जनता की सेवा करने के लिए' राजनीति में इस तरह के निर्णय लेने पड़ते हैं! पर उनके अपने साथी यह मानने को तैयार नहीं थे कि किसी राजनेता को जनता की सेवा के लिए पार्टी बदलनी ज़रूरी लग सकती है। वे यह मानते थे कि इस तरह के निर्णय अपने व्यक्तिगत स्वार्थों के चलते नेता लोग लेते हैं। गया लाल नामक उन विधायक जी के नाम पर देश की राजनीति को एक मंत्र मिल गया- आया राम, गया राम!

साठ साल पहले शुरू हुई राजनीतिक स्वार्थ की यह प्रवृत्ति तब एक अपवाद थी, अब यह जैसे आम बात है। नवीनतम उदाहरण कल तक 'आम आदमी पार्टी' के प्रखर नेता कहलाने वाले सांसद राघव चड्ढा का है। आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में थे राघव चड्ढा। पार्टी के कोषाध्यक्ष भी रह चुके थे। पार्टी ने उन्हें राज्यसभा की सदस्यता भी दी। फिर उनके ज्ञान-चक्षु खुल गये। उन्हें लगा जिस भारतीय जनता पार्टी को वे 'अनपढ़ गुंडों की पार्टी' मानते थे वह वास्तव में भारतीयों की सच्ची सेवा करने वाली पार्टी है और उन्होंने घोषणा कर दी कि वह आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। यह इलहाम अकेले राघव चड्ढा को ही नहीं हुआ, वे अपने साथ आम आदमी पार्टी के छह सांसदों को भी ले गये। राज्यसभा के सभापति ने बिना कुछ देर किये इन्हें सदन में भाजपा के सदस्य के रूप में मान्यता भी दे दी है। राघव चड्ढा की पुरानी पार्टी यदि चाहे तो वह 'अपने सदस्यों' को इस कार्रवाई और भाजपा में उनके 'विलय' को चुनौती दे सकती है। पर दल-बदलुओं का अबतक का इतिहास तो यही बताता है कि भले ही उच्चतम न्यायालय दल-बदल की इस



प्रक्रिया को 'संवैधानिक पाप' की संज्ञा दे दे, पर इन कथित पापियों को कोई सज़ा मिलती नहीं!

'दलबदलुओं' को सज़ा देने की कोशिशों में एक कोशिश दल-बदल के खिलाफ कानून बनाना भी था। वर्ष 1985 में देश की संसद में एक संशोधन पारित कर के दल-बदल की इस लगातार बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाये गये। तय हुआ कि पार्टी के दो तिहाई सदस्य मिलकर यदि किसी दूसरी पार्टी में शामिल होते हैं, तभी इसे 'विलय' माना जायेगा, अन्यथा ऐसा करने वाले नेता की सदस्यता निरस्त मानी जायेगी। पर पेच यह रह गया कि दो-तिहाई संख्या पार्टी की या संसदीय दल की? इसमें एक गांठ यह भी है कि विलय का निर्णय सदन का पीठासीन अधिकारी करता है। इसका मतलब यह है कि सदस्य जब चाहे सत्तारूढ़ पार्टी का 'आया राम' बन सकता है।

सवाल यह उठता है कि कोई आया राम या गया राम क्यों अपनी मूल पार्टी छोड़कर किसी अन्य पार्टी में शामिल होता है? क्या सचमुच यह कोई नीतिगत निर्णय होता है या फिर इसके पीछे राजनीतिक स्वार्थ होते हैं?

भारत के दल-बदलुओं का इतिहास बताता है कि लगभग शत प्रतिशत राजनीतिक स्वार्थ होता है। अक्सर इस आशय के आरोप भी लगते हैं कि अपने अपराधों के पाप धोने, या फिर सत्तारूढ़ दल के हितों को दृष्टि में रखकर भी 'आयाराम गयाराम' का यह खेल होता है। यह खेल खेलने वालों की आधिकारिक संख्या बतानी तो मुश्किल है, पर ज्ञात तथ्यों के अनुसार 1985 में दल-बदल विरोधी कानून लागू होने के बाद से अब तक सैकड़ों सांसद और विधायक दल-बदल चुके हैं। कहते हैं कानून बनने से पहले 1967 से 1971 के बीच लगभग 50 प्रतिशत विधायकों ने अपनी पार्टी बदली थी, इसे 'आयाराम, गयाराम' की राजनीति कहा गया।

मार्च 2024 तक की रिपोर्ट के अनुसार दसवीं अनुसूची के तहत कम से कम सात प्रमुख अवसरों पर सदस्यों पर कार्रवाई हुई है। सन 2022 में हमने महाराष्ट्र और गोवा में दल-बदल का यह 'खेला' देखा, इससे दो साल पहले मणिपुर के तीन विधायकों को अयोग्य ठहराया गया था। और अब यह आम आदमी पार्टी का मामला सामने है। निश्चित रूप से यह सारे मामले इस बात की पुष्टि करते हैं कि हमारी राजनीति में सिद्धांतों और नीतियों के लिए जगह लगातार कम होती जा रही है। कभी विधायक या सांसद अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए ऐसा कदम उठाता है और कभी राजनीतिक दल (पढ़िए सत्तारूढ़ पक्ष) अपने स्वार्थ सिद्ध करने के लिए दूसरे दलों के सदस्यों को अपने साथ जुड़ने के लिए बाध्य करता है। स्वार्थ के इसी खेल के संदर्भ में अक्सर यह आरोप लगते हैं कि सत्तारूढ़ दल ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स विभाग आदि का डर दिखाकर अपने हित साधता है। इस तरह के आरोपों की पुष्टि आसान नहीं होती। लेकिन विपक्ष के इस आरोप की जांच तो होनी ही चाहिए कि दल-बदल करने वाले राजनेताओं के विरुद्ध चल रहे मामले अचानक कहीं खो क्यों जाते हैं या फिर अक्सर ऐसी कार्रवाई के बाद ही कोई राजनेता आयाराम गयाराम क्यों बन जाता है? बहरहाल, दल-बदल की इस सारी राजनीति का एक पक्ष और भी है। राघव चड्ढा और उनके दलबदलू साथी कल तक भारतीय जनता पार्टी के कटु आलोचक थे। क्या यह बताना उनका कर्तव्य नहीं है कि इस दौरान ऐसा क्या हुआ कि उन्हें भाजपा अचानक इतनी अच्छी पार्टी लगने लगी कि वे 'गया राम' बन गये? राजनीति की जनतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता अथवा प्रतिनिधि चुनकर विधानसभा या संसद में भेजते हैं। उनके चुनाव का आधार सिर्फ व्यक्ति-विशेष ही नहीं होता, मतदान उस विचार के पक्ष-विपक्ष में भी होता है जिसे जानने-मानने का दावा राजनीतिक दल करते हैं। क्या दल-बदल करने वाले निर्वाचित प्रतिनिधियों का यह दायित्व नहीं होना चाहिए कि वह उस मतदाता को भी विश्वास में लें जिसने उन्हें चुना है?

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। ऑफिस में बॉस को प्रभावित करने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। जल्दी छुट्टी मिलने में परेशानी हो सकती है। किसी वस्तु की खरीद में थोड़ा विलंब हो सकता है। परिवार का सहयोग मिलेगा, जिससे आपको राहत मिलेगी।

### वृष

पूजा-पाठ से आपकी मनोकामनाएं पूरी होंगी और सौभाग्य आपकी ओर आएगा साथ ही पिछले दिन की मेहनत रंग भी लाएगी। शाम का अधिकांश समय मेहमानों के साथ बीतेगा। जीवन में नया मोड़ आ सकता है, जो प्रेम और रोमांस को नई दिशा देगा।

### मिथुन

आज के दिन आर्थिक लाभ और सामाजिक मान-सम्मान और प्रतिष्ठा मिलने के संकेत हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अपने बॉस या सहकर्मियों के साथ किसी भी प्रकार की बहस में पड़ने से बचना चाहिए। रिश्तों में आपकी जिम्मेदारी बढ़ेगी और व्यापार में भाग्य आपका साथ देगा।

### कर्क

ज्यादा काम करने से बचें, क्योंकि इससे आपको सिर्फ तनाव और थकान ही मिलेगी। आभूषण और प्राचीन वस्तुओं में निवेश फायदेमंद रहेगा और समृद्धि लाएगा। आपकी गतिहीन जीवन शैली घर में तनाव पैदा कर सकती है, इसलिए देर रात तक बाहर रहने और अधिक खर्च करने से बचें।

### सिंह

आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे परिवार में सबके चेहरे पर चमक बनी रहेगी। आज कुछ लोग आपसे बाद में बात करना चाहेंगे। किसी मित्र से मुलाकात होगी। नए स्रोतों से धन की प्राप्ति होगी। प्रेम संबंधों के प्रति आपका रुझान रहेगा। सेहत के मामले में आप फिट रहेंगे।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए आज अच्छे ऑफर मिलने के योग हैं। आज घर में खुशियों का माहौल रहेगा। संतान पक्ष से सुख मिलेगा। आज आप अपने जीवनसाथी को ऑफिस पार्टी में साथ ले जा सकते हैं। इससे आपका तालमेल अच्छा रहेगा।

### तुला

आज आपके सामने आने वाले निवेश के नए अवसरों पर विचार करें। लेकिन पैसा तभी निवेश करें जब आप उन योजनाओं का अच्छी तरह से अध्ययन करें। बच्चे भविष्य की योजना बनाने से ज्यादा समय घर से बाहर बिताकर आपको निराश कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। घर के इलेक्ट्रॉनिक्स पर आपको थोड़ा खर्च करना पड़ सकता है। आज आप अपने बिजनेस पार्टनर के घर त्योहार की शुभकामना देने जा सकते हैं। शाम के समय आप शारीरिक रूप से थोड़ा थका हुआ महसूस कर सकते हैं।

### धनु

आज आपको किसी काम से भागना पड़ सकता है। परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना चाहिए। आज कोई नया काम सीखने का मौका मिलेगा। आपके ज्ञान में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर अपने सहकर्मी के साथ अच्छा व्यवहार बनाए रखें।

### मकर

लंबी यात्रा के लिहाज से आपने स्वास्थ्य और ऊर्जा के स्तर में जो सुधार किए हैं, वे बहुत फायदेमंद रहेंगे। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद आप थकान के चंगुल में फंसने से बचेंगे। विशेष रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय सौदों पर बातचीत करते समय जल्दबाजी में निर्णय न लें।

### कुंभ

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। ऑफिस में रुके हुए काम सीनियर्स के सहयोग से पूरे होने की संभावना है। जातकों को अचानक बहुत लाभ हो सकता है। आज धन के नए स्रोत देखने को मिलेंगे। आप परिवार के साथ रहेंगे। आपको किसी धार्मिक स्थान पर जाना पड़ सकता है,

### मीन

आज आपका कोई बड़ा काम संतान के सहयोग से पूरा होगा। माता-पिता का सहयोग भी बना रहेगा। शाम को उनके साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे। आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आर्ट्स के छात्रों के लिए दिन बढ़िया रहने वाला है।

## स्वास्थ्य समाचार

# जापानी लोगों की लंबी और सेहतमंद जिंदगी के पीछे शामिल हैं यह सुपरफूड्स

जब हम जापान की आयुर्वेदिक विचारधारा के बारे में बता करते हैं, तो उनके दीर्घ जीवन के बारे में भी सोचते हैं। इसके पीछे उनके खानपान की विशेष भूमिका होती है। जापानी लोगों की लंबी उम्र के लोगों का रहस्य उनके आहार में छिपा होता है।



### फिश

जापान में मछली खाने की पुरानी परंपरा है। यह उनके लंबे जीवन का एक महत्वपूर्ण कारण माना जाता है। बता दें कि मछली में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स पाया जाता है। यह दिल को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

### वनस्पति आहार

बता दें कि जापान के लोग वनस्पति आहार का सेवन अधिक करते हैं। वनस्पति आहार जैसे टोफू, सोया, मिसो और वनस्पतियों से बनी चीजें। यह चीजें उन्हें फाइटो -एस्ट्रोजन प्रदान करते हैं। इससे उनकी हड्डियां मजबूत होती हैं और कैंसर से भी बचाव होता है।

### चावल और साबुत अनाज

चावल और साबुत अनाजों का सेवन करने की जापान में पुरानी परंपरा है। यह उनके आहार का मुख्य हिस्सा होता है। चावल और साबुत अनाज में अच्छा कार्बोहाइड्रेट्स पाया जाता है। यह ऊर्जा के स्त्रोत के तौर पर काम करता है। इससे पेट लंबे समय तक भरा होता है।

### सब्जियां

जापानी लोग सब्जियों को भी अपनी डाइट में शामिल करते हैं। कई तरह की सब्जियों से उन्हें मिनरल्स, विटामिन और फाइबर मिलता है। इससे वह शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं।

### सीफूड

जापान में सीफूड का सेवन करना आम बात है। सीफूड में समुद्री जीवों को शामिल किया जाता है। जापानी लोग सीफूड में क्रैब, श्रिम्प, स्क्विड आदि को शामिल करते हैं। सीफूड में प्रोटीन पाया जाता है और मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। सीफूड विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है।

### ग्रीन टी

जापान में ग्रीन टी का सेवन करना आम बात है। ग्रीन टी में एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। यह शरीर को रोगों से बचाता है। साथ ही ग्रीन टी स्किन को स्वस्थ रखने में मददगार होती है।

# चेहरे पर लगाएं चिरौंजी और दूध से बना ये फेस पैक, बढ़ेगा ग्लो और दूर होंगी कई परेशानियां

चिरौंजी का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी माना जाता है। चिरौंजी में मौजूद गुण और पोषक तत्व शरीर के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। इसका इस्तेमाल आमतौर पर कई तरह की मिठाइयों को बनाने में किया जाता है। चिरौंजी सिर्फ आपके शरीर को पोषण देने और स्वाद के लिए ही नहीं बल्कि चेहरे से जुड़ी कई परेशानियों में भी बहुत उपयोगी होता है। इसमें मौजूद गुण स्किन का ग्लो बढ़ाने से लेकर दाग-धब्बे और पिगमेंटेशन को दूर करने में भी बहुत उपयोगी होते हैं। चिरौंजी में विटामिन बी, नियासिन, विटामिन सी समेत कई एंटी ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इसका चेहरे पर इस्तेमाल करने से कई फायदे मिलते हैं। चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक को चेहरे पर लगाने से आपको कई स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा मिलता है। चिरौंजी और दूध में मौजूद गुण और पोषक तत्व स्किन से जुड़ी कई गंभीर परेशानियों को दूर करने में बहुत उपयोगी होते हैं। चेहरे पर मौजूद डार्क सर्कल्स, दाग-धब्बे, मुहांसे दूर करने और निखार लाने के लिए चिरौंजी का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद माना जाता है। चिरौंजी का फेस पैक लगाने से आपकी स्किन को पर्याप्त पोषण मिलता है। इसका इस्तेमाल करने से ऑयली स्किन की समस्या में भी बहुत फायदा मिलता है।

### डार्क सर्कल्स हटाने में उपयोगी

डार्क सर्कल्स हटाने के लिए भी चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। चिरौंजी चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बों को हटाने और स्किन को निखारने का काम करता है। इसके अलावा चिरौंजी और दूध में मौजूद ब्लीचिंग गुण स्किन के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। आंख के आसपास मौजूद डार्क सर्कल्स को हटाने में भी चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक का इस्तेमाल उपयोगी होता है।

### दाग-धब्बे दूर करने में फायदेमंद

चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे और पिगमेंटेशन से छुटकारा पाने के लिए भी चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत उपयोगी होता है। इसका चेहरे पर इस्तेमाल करने से आपकी स्किन एक्सफोलिएट होती है और डेड स्किन सेल्स दूर होते हैं।



### चेहरे का ग्लो बढ़ाए

चेहरे का ग्लो वापस लाने के लिए चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। चिरौंजी में फैटी एसिड और प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा होती है। नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करने से आपकी स्किन का रंग साफ होता है और ग्लो बढ़ता है।

### ड्राईनेस दूर करे

ड्राई स्किन की समस्या में चिरौंजी और दूध से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से आपकी स्किन मॉइश्चराइज होती है और स्किन को नमी मिलती है। दूध और चिरौंजी से बने फेस पैक का कुछ दिनों तक इस्तेमाल करने से आपको ड्राई स्किन से छुटकारा मिलता है।

### एक्ने और मुहांसे दूर करे

स्किन पर मौजूद एक्ने और मुहंसों से छुटकारा पाने के लिए चिरौंजी और दूध का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण स्किन की अच्छी तरह से सफाई करते हैं और स्किन पोर्स में जमा गंदगी को बाहर निकालते हैं। नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करने से आपको एक्ने और मुहांसों को दूर करने में फायदा मिलता है।

# कब्ज से राहत पाने के लिए गेहूं की जगह इस्तेमाल करें यह खास आटा

कब्ज की समस्या से आजकल काफी लोग परेशान हैं। हेल्दी रहने के लिए सुबह पेट ठीक से साफ होना जरूरी है। पेट साफ न होने से कई परेशानियां हो सकती हैं।

आजकल खान-पान की गलत आदतों और अनियमित जीवनशैली के चलते, कब्ज की परेशानी काफी लोगों में देखने को मिल रही है। कभी-कभार होने वाली कब्ज की समस्या को घरेलू नुस्खों के दूर किया जा सकता है, लेकिन अगर आपको लंबे समय तक कब्ज बना हुआ है, रोज सुबह पेट साफ होने में मुश्किल आती है, तो आपको डॉक्टरी सलाह जरूर लेनी चाहिए। कब्ज को दूर करने के लिए खान-पान की आदतों में बदलाव भी बहुत जरूरी है। डाइट में फाइबर को शामिल करना, चाय-कॉफी का सेवन कम करना, ऐसे कई बदलाव, कब्ज को कम कर सकते हैं।

**कब्ज दूर करने के लिए खाएं राजगिरा का आटा :** कब्ज दूर करने के लिए डाइट में राजगिरा के आटे को शामिल करना चाहिए। यह प्रोटीन से भरपूर होता है। इसे डाइट में शामिल करने से आपको कब्ज से राहत मिल सकती है। इसके अलावा, कोलेस्ट्रॉल लेवल और इंफ्लेमेशन को कम करने में भी यह कारगर है। यह न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है और इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी भरपूर मात्रा में होते हैं। इसमें फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और फास्फोरस की अच्छी मात्रा होती है।

यह मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और मल को सख्त होने से रोकता है। यह बाउल मूमेंट को सही करता है और पेट आसानी से साफ होता है। अगर आप कुछ दिनों तक लगातार इस आटे की रोटी खाएंगे, या इसे किसी अन्य तरीके से डाइट में शामिल करेंगी, तो अंतर साफ दिखेगा। अगर आपको कमजोरी महसूस होती है, तो ड्राईफ्रूट्स के साथ इस आटे को मिलाकर लड्डू बनाएं।

**क्या होता है राजगिरा का आटा :** इसे अमरनाथ, रामदाना या फ्रॉक्सनट भी कहा जाता है।

इस अनाज का एक पौधा होता है, जिसे चौलाई भी कहा जाता है। इसकी कलियों में रामदाना के बीज होते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्वों की वजह से इसे सुपरफूड भी कहा जाता है।

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र बनाथला में हट कुटीर का हुआ उद्घाटन

निसं

**दांतारामगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ दांता के प्रशिक्षण केंद्र बनाथला में बुधवार को हट कुटीर का उद्घाटन स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य आईएएस ने अपने कर कमलों से किया। स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य का स्थानीय संघ दांता के स्काउटर एवं पदाधिकारियों, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुर्जर, सीबीईओ दांतारामगढ़ सुरेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत बनाथला, मगनपुरा के प्रशासकों, पंचायत समिति प्रतिनिधि भादरमल लोरा व भगवान सहाय गढ़वाल, सागरमल लोरा ने साफा, माल्यार्पण, स्कार्फ, मोमेंटो देकर सम्मान किया। डीएलएड प्रशिक्षण शिविर के शिविर संचालक पी डी कुमावत व सचिव रामलाल चौधरी ने बताया कि डीएलएड ग्रुप प्रशिक्षण शिविर 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रशिक्षण केंद्र बनाथला में चल रहा हैं। प्रशिक्षण केंद्र बनाथला में भामाशाह प्रेमाराम कुमावत की धर्मपत्नी स्वर्गीय लाडा देवी की स्मृति में उनके पुत्र भंवरलाल, नाथूलाल, देवेन्द्र, गजानंद, स्काउटर हेमराज कुमावत ने एक हट का निर्माण करवाया, जिसका उद्घाटन राजस्थान स्काउटिंग के चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य आईएएस सेवानिवृत्त मुख्य सचिव ने किया। साथ ही स्थानीय संघ के सहायक जिला कमिश्नर हनुमान प्रसाद सिंघल के द्वारा ग्रेनाइट चबूतरे का निर्माण करवाने पर भी लोकार्पण किया गया। मंच का निर्माण करवाने वाले भामाशाह भादरमल लोरा का सम्मान किया गया। सभी भामाशाहों का आभार जताते हुए निरंजन आर्य ने कहा कि स्काउटिंग के विकास कार्यों में भामाशाहों की बहुत बड़ी भूमिका है जो कि विकास की रीढ हैं। इस अवसर पर सूरजभान, गोगराज लोरा पुत्र सुखराम लोरा, रनीश लोरा, सूर्यपाल रणवां पुत्र बेगाराम रणवां ने स्काउट हट बनाने की घोषणा की। इसके साथ ही हनुमान प्रसाद सिंघल ने अपने द्वारा निर्मित ग्रेनाइट चबूतरे पर टीन शेड लगाने की घोषणा की। प्रशिक्षण स्थल पर कालूराम धायल, एडवोकेट नंदलाल धायल के द्वारा वाटर कूलर भेंट करने पर एवं डॉ. मोहन सिंह महला के द्वारा आरओ भेंट करने पर उनका सम्मान किया गया। भामाशाहों के सम्मान में भंवरलाल कुमावत, ठेकेदार नाथूराम कुमावत, गीता देवी व हेमराज कुमावत का साफा, दुपट्टा, मोमेंटो प्रदान करके सम्मान किया गया। इससे पूर्व ग्राम पंचायत बनाथला के प्रशासक छीतरमल लोरा, प्रधान जिला काउंसिल स्काउट गाइड सीकर बाबूलाल गुर्जर, सुरेश कुमार वर्मा प्रशासक मगनपुरा का साफा, माला, दुपट्टा, मोमेंटो प्रदान करके अभिनंदन किया। साथ ही पूरण सिंह शेखावत राज्य संगठन आयुक्त जयपुर व दामोदर शर्मा सहायक राज्य संगठन आयुक्त जयपुर का भी स्कार्फ, दुपट्टा, मोमेंटो से सम्मान किया गया। राजस्थानी संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई जिनकी मुक्त्त कंठ से मेहमानों ने प्रशंसा की। मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए छीतर मल लोरा ने बताया कि 2011-12 में बनाथला में राजस्थान की सबसे बड़ी जिला स्काउट गाइड रैली हुई थी, उस समय निरंजन आर्य आए थे और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निजी सचिव रहते हुए मेहमान के रूप में शिरकत की थी। 15 वर्ष पूर्व की यादों को ताजा करते हुए उन्होंने इस स्थान के विकास के लिए भामाशाहों से आह्वान खुले दिल से किया। उन्होंने कहा कि इस स्थान के विकास में आप आगे बढ़े और स्काउट केंद्र की मदद करे। जिला काउंसिल के अध्यक्ष अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुर्जर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।




इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य लक्ष्मीनारायण यादव बनाथला, प्रधानाचार्य भीम सिंह खाचरियावास, स्थानीय संघ के सहायक सचिव फूल मोहम्मद, छीतर मल वर्मा, तुलसीराम कुमावत, पीतांबर लोरा, अजय कुमार, संजय कुमार, भंवरलाल रोहिल, शिव सिंह राणा, अंकित कुमावत, पूजा महावर सहित सभी ट्रेनर उपस्थित रहे।

## बुद्ध पूर्णिमा पर 11 हजार घरों में एक साथ होगा हवन



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** समर्थ एवं शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण की कामना के साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार के आह्वान पर 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन देशभर में गृहे-गृहे यज्ञ अभियान के तहत एक साथ 24 लाख स्थानों पर हवन होगा। राजस्थान में एक लाख घरों में सामूहिक गायत्री महायज्ञ संपन्न होगा, जबकि जयपुर में 11 हजार घरों में एक ही समय पर यज्ञ किया जाएगा। किरण पथ, मानसरोवर स्थित श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र और गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, गायत्री शक्तिपीठ वाटिका, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ सहित शहर के एक दर्जन से अधिक प्रज्ञा संस्थानों पर बुधवार को यज्ञ सामग्री किट तैयार कर घर-घर पहुंचाई गई। जो लोग घर पर हवन करना चाहते हैं वे इन केन्द्रों से हवन सामग्री निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्र निर्माण और वैश्विक सुख-शांति के लिए जन-जागरण को गति देना है। इसके लिए शक्तिपीठ, चेतना केन्द्र, प्रज्ञा मंडल, युवा और महिला मंडल के कार्यकर्ता पिछले दस दिनों से घर-घर संपर्क कर रहे हैं।

आचार्यगण सरल विधि से हवन संपन्न कराएंगे। नए परिवारों को जोडने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 7:30 बजे शुरू होगा, जबकि प्रतिभागियों से 7:15 बजे तक तैयार रहने को कहा गया है। यज्ञ के बाद तरु प्रसाद के रूप में पौधों और युग साहित्य का वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही रक्तदान, नेत्रदान और अंगदान का सकल्प कराया जाएगा। बुद्ध पूर्णिमा पर महात्मा बुद्ध के जीवन से जुड़ी पुस्तिकाएं भी निःशुल्क दी जाएंगी।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म से भी जुड़ेंगे लोग

गायत्री परिवार जयपुर उप जोन समन्वयक सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि इच्छुक लोग अपने नजदीकी शक्तिपीठ से निःशुल्क सामग्री ले सकते हैं। यूट्यूब, सोशल मीडिया और मोबाइल एप के जरिए भी यज्ञ की विधि सिखाई जाएगी, ताकि लोग घर पर ही हवन कर सकें। मंदिरोंए कॉलोनियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी सामूहिक यज्ञ की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### 1100 किलो हवन सामग्री, 2200 किलो घी का होगा उपयोग

जयपुर में 11 हजार घरों में होने वाले यज्ञ के लिए प्रति घर में न्यूनतम 100 ग्राम हवन सामग्री, 200 ग्राम घी और 10 ग्राम कपूर का उपयोग होगा। इस हिसाब से कुल 1100 किलो हवन सामग्री, 2200 किलो घी और 110 किलो कपूर का उपयोग होगा। एक घर से पांच लोग भी हवन करते हैं तो 55 हजार लोग एक समय में हवन करेंगे जो कि एक विश्व रिकॉर्ड होगा।

### कोरोना काल से शुरू, अब डिजिटल रूप

यह अभियान कोरोना काल में शुरू हुआ था और अब भी जारी है। अब यज्ञ डिजिटल माध्यमों से भी जुड़ गया है। जिन लोगों का पंडितों से संपर्क नहीं है, वे ऑनलाइन विधि सीखकर यज्ञ कर सकते हैं। यज्ञ के बाद दक्षिणा भी डिजिटल माध्यम से दी जा सकती है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे दक्षिणा राशि का उपयोग पौधारोपण, परिंडे लगाने, जरूरतमंदों को भोजन कराने या बच्चों को पुस्तकें देने जैसे सेवा कार्यों में करें।

## सेवा का अनोखा उदाहरण : विद्यार्थियों को बैग वितरित और भोजन कराया



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** स्वर्गीय मांगीलाल सैनी अध्यापक छिपियों की ढाणी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र सज्जन गौड़, राजेंद्र गौड़, रविन्द्र गौड़ एवं पौत्र द्वारा सेवा का प्रेरणादायक कार्य किया गया। इस अवसर पर सरकारी विद्यालय के 51 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। समाजसेवी राकेश गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर, मंड्रेला रोड स्थित राजकीय विद्यालय में स्कूल स्टाफ सहित सभी बच्चों के लिए कृष्ण भोग का आयोजन भी किया गया जिसमें बच्चों को प्रेमपूर्वक भोजन करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य सुमन काजला एवं समस्त स्टाफकी उपस्थिति रही। साथ ही सुरेंद्र सैनी और एडवोकेट लक्ष्मीकांत सैनी ने भी अपनी सेवाएं देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। इस सेवा कार्य से विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली और उपस्थित सभी लोगों ने गौड़ परिवार के इस प्रयास की सराहना की।

## इंस्टेंट लोन ऐप्स के जाल में फंसा कर साइबर ठग बना रहे आमजन को निशाना

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, एसएमएस और मोबाइल ऐप्स के जरिए फैल रहे इंस्टेंट लोन और तथाकथित श्चाईनीज लोन ऐप फ्रॉड से सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की है। साइबर अपराधी कम समय में बिना केवाईसी और बिना दस्तावेज के तुरंत लोन देने का झांसा देकर लोगों की निजी और वित्तीय जानकारी चुराकर आर्थिक व मानसिक शोषण कर रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम वीके सिंह ने एडवाइजरी जारी कर बताया गया है कि वर्तमान समय में साइबर ठग सोशल मीडिया विज्ञापनों, एसएमएसए व्हाट्सएप मैसेज और मोबाइल ऐप्स के जरिए लोगों को कम ब्याज, श्बिना डॉक्यूमेंट और श्पांच मिनट में अकाउंट में पैसा जैसे आकर्षक आूफर देकर फंसाते हैं। जैसे ही व्यक्ति ऐसे ऐप डाउनलोड करता है, ऐप उससे कांटेक्ट लिस्ट, एसएमएसए गैलरी, माइक्रोफोन और लोकेशन जैसी कई संवेदनशील परमिशन मांगता है। अनजाने में अनुमति देने के बाद व्यक्ति के मोबाइल का पूरा डेटा अपराधियों के सर्वर तक पहुंच सकता है। यहां तक कि ऐप हटाने के बाद भी उसका डेटा उनके पास सुरक्षित रहता है। ऐसे ऐप्स आमतौर पर सिबिल स्कोर या बैंकिंग प्रक्रिया की जांच नहीं करते। वे केवल यह देखते हैं कि मोबाइल में कितने संपर्क नंबर और कितनी निजी जानकारी मौजूद हैए ताकि बाद में व्यक्ति पर दबाव बनाया जा सके। शुरुआत में 3 हजार से 5 हजार रुपये तक की छोटी राशि देकर कुछ ही दिनों में मोटा ब्याज जोड़कर 8 हजार रुपये या उससे अधिक वसूला जाता है। भुगतान न करने पर अपराधी पीड़ित की निजी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर उन्हें अश्लील रूप में बदलकर परिवार और दोस्तों को भेजने की धमकी देते हैं। कई मामलों में रिश्तेदारों और ऑफिस के लोगों को कॉल कर बदनाम करने का भी प्रयास किया जाता है, जिससे पीड़ित मानसिक तनाव में आ सकता है। वीके सिंह ने बताया कि सुरक्षित रहने के लिए केवल उन्हीं ऐप्स से लोन लें जो आरबीआई द्वारा रजिस्टर्ड एनबएफसी या बैंकों से अधिकृत हों। यदि कोई लोन ऐप आपकी फोटो या कॉन्टैक्ट लिस्ट का एक्सेस मांगता है, तो समझ लें कि वह फर्जी है। लोन के लिए इन जानकारियों की आवश्यकता नहीं होती।

ऐप डाउनलोड करने से पहले आलोचनात्मक समीक्षाएँ जरूर पढ़ें। रेटिंग्स पर भरोसा न करेंए वे अक्सर खरीदी हुई फेक होती हैं। कोई भी असली बैंक लोन अप्रूवल से पहले प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसे नहीं मांगता।

## ऑपरेशन प्रवर्तन के तहत अवैध गैस रिफिलिंग पर 35 सिलेंडर जब्त



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और रिफिलिंग पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रवर्तन के तहत बड़ी कार्रवाई सामने आई है। संयुक्त टीम ने सांगानेर सदर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 35 अवैध गैस सिलेंडर सहित अन्य उपकरण जब्त किए हैं। इस अभियान के तहत जिला कलेक्टर संदेश नायक के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी, जयपुर प्रथम द्वारा विशेष प्रवर्तन दल का गठन किया गया। पुलिस थाना सांगानेर सदर से मिली सूचना के आधार पर प्रवर्तन दल ने गोविंदपुरा बक्षावाला, शिकारपुरा रोड क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से 35 घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और एक इलेक्ट्रॉनिक मोटर जब्त की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यहां अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा था। जिला कलेक्टर संदेश नायक के अनुसार इस तरह के अवैध रिफिलिंग केंद्र शहर में होने वाली आगजनी और विस्फोट जैसी दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन सकते हैं। बिना सुरक्षा मानकों के संचालित ये केंद्र आमजन के जीवन और संपत्ति के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। वहीं इस मामले में संलिप्त दो व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस थाना सांगानेर सदर में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध गैस रिफिलिंग, भंडारण और कालाबाजारी में लिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया आईआईजीजे उडुपी को लॉन्च

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भारत के रत्न एवं आभूषण कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जेम्स एंड ज्वेलरी आईआईजीजे, उडुपी को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में लॉन्च किया। इस समारोह में जीजेईपीसी के अध्यक्ष किरीट भंसाली और जीजेईपीसी के उपाध्यक्ष शौनक पारीख और अन्य संबद्ध पक्ष उपस्थित रहे। निर्मला सीतारमण ने कहा कि आईआईजीजे उडुपी इस बात का सशक्त उदाहरण है। कि



उद्योग के नेतृत्व में कौशल विकास लोगों के जीवन में किस तरह बदलाव ला सकता है और पूरे दक्षिण भारत के युवाओं के लिए अवसर पैदा कर सकता है।

जीजेईपीसी के अध्यक्ष, किरीट भंसाली ने कहा, श्पिछले चार साल में हीए देश भर में आईआईजीजे केंद्रों ने 7 हजार से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया है, जिससे उद्योग के लिए मजबूत प्रतिभा पूल तैयार हुआ है। जीजेईपीसी के उपाध्यक्ष, शौनक पारीख ने कहा, आईआईजीजे जैसे संस्थानों के जरिये कौशल और शिक्षा में निवेश, वैश्विक रत्न और आभूषण क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

## जनगणना को लेकर प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** निदेशक जनगणना कार्यालय राजस्थान सरकार जयपुर के पत्र पत्र द्वारा जिला जनगणना अधिकारी महोदय चूरू के पद्धत निर्देशों के क्रम में भारत की जनगणना का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना राज्य सरकार की अधिसूचित अवधि के अनुसार राज्य में 16 मई से 14 जून 2026 के दौरान आयोजित किया जाना है जिसके तहत नगर पालिका तारानगर के शहरी क्षेत्र में नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजर को बुधवार को नगर पालिका हाल में फील्ड ट्रेनों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के प्रथम बेंच में 50 प्रगणक एवं सुपरवाइजर भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस मौके पर उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार द्वारा प्रशिक्षण का निरीक्षण किया एवं प्रशिक्षण में उपस्थित प्रगणकों को एवं सुपरवाइजरों को मकान सूचीकरण के बारे में बताया।

## विश्वकर्मा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 3 मई को

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ राजस्थान एवं विश्वकर्मा मित्र मंडल के संयुक्त तत्वाधान में प्रथम अखिल राजस्थान विश्वकर्मा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा 2026 का आयोजन 3 मई को किया जावेगा। परीक्षा सुबह 11 से 12:40 तक आयोजित होगी। प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन डॉक्टर दिनेश सारंग के मार्गदर्शन में करवाया जावेगा। प्रदेश भर में परीक्षा आयोजन के लिए कुल 70 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें करीब 15000 विद्यार्थी भाग लेंगे। जिला परीक्षा प्रभारी नागरमल जांगिड़ ने बताया कि जिले से 497 विद्यार्थी भाग लेंगे। जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं एक केंद्र झुंझुनू मुख्यालय पर न्यू इंडियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हाउसिंग बोर्ड झुंझुनू एवं दूसरा केंद्र मुकुंदगढ़ पब्लिक स्कूल मुकुंदगढ़ तहसील नवलगढ़ में बनाया गया है, विद्यार्थियों को सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में सम्मिलित विद्यार्थियों के लिए राजस्थान स्तर पर प्रथम को 31000, द्वितीय को 21000 एवं तृतीय को 11000 नगद पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे।

## मंदिर के कटाणी रास्ते पर किया अतिक्रमण, ज्ञापन देकर की रास्ता खुलवाने की मांग

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** शहर के वार्ड 9 के वासिंदों ने तारानगर एसडीएम राजेंद्र कुमार को ज्ञापन देकर किशनगिरी बगीची व शिव मंदिर के कटाणी रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर रास्ता खुलवाने की मांग की है। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड नं. 09 तारानगर के शिव मंदिर के पश्चिम तरफके आम रास्ते से मंदिर के पूर्व की ओर मंदिर का कटाणी रास्ता है। जो अज्ञात लोगो ने इस मंदिर के रास्ते पर दरवाजा लगाकर अतिक्रमण कर लिया है जिससे वार्ड की महिलाओं व पुरुषों को मंदिर में जाने, पूजा-पाठ, हवन-किर्तन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



वार्डवासियों ने बताया कि पहले ये रास्ता खुला था लेकिन कुछ दिनों पहले ही यंहा लोहे का दरवाजा लगाकर व अपना ताला लगाकर मंदिर के रास्ते पर अतिक्रमण किया गया है। वार्डवासियों ने मंदिर के कटाणी रास्ते पर तिक्रमणकारियों की ओर से लगाए गए दरवाजे को हटवाकर मंदिर के रास्ते को खुलवाने की मांग की है। इस मौके पर ओम प्रकाश जांगिड़, परमेश्वर नाई, घासीराम, मनोज कुमार, बसंती, गायत्री आदि वार्डवासी मौजूद थे।

## कानून-व्यवस्था पर कड़ी नजर : एडीजी स्तर के अधिकारियों को सौंपी रेंज जिम्मेदारी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा पुलिस कार्यप्रणाली की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने अहम निर्णय लिया है। जहां पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था संजय कुमार अग्रवाल ने बुधवार को संशोधित आदेश जारी कर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजी स्तर के अधिकारियों को विभिन्न रेंज का प्रभार सौंपा है। आदेश के अनुसार अब संबंधित एडीजी अधिकारी अपने-अपने आवंटित रेंज में कानून-व्यवस्था की स्थिति, पुलिस प्राथमिकताओं और योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करेंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य जिलों में बेहतर समन्वय स्थापित कर पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाना है। जहां नई व्यवस्था के तहत एडीजी स्तर के अधिकारी सीधे रेंज की गतिविधियों पर नजर रखेंगे, जिससे कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय और जवाबदेही सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही विभिन्न अभियानों और प्राथमिकताओं के क्रियान्वयन की भी लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। जारी आदेशों के अनुसार भरतपुर रेंज की जिम्मेदारी एडीजी कार्मिक बीजू जॉर्ज जोसफजो कार्मिक से जुड़े मामलों के साथ अब रेंज की कानून-व्यवस्था की भी समीक्षा करेंगे। जयपुर रेंज का प्रभार एडीजी दिनेश एम.एन. उग्रवाद विरोधी दस्ता, एजीटीएफ एवं एएनटीएफ को सौंपा गया है, जो राजधानी सहित आसपास के जिलों में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। वहीं बीकानेर रेंज की जिम्मेदारी एडीजी एवं निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी संजीब कुमार नर्जरी को दी गई है, जो प्रशिक्षण के साथ-साथ क्षेत्रीय पुलिसिंग पर भी नजर रखेंगे। कोटा रेंज का प्रभार एडीजी विशेष प्रचलन समूह एसओजी विशाल बंसल को सौंपा गया है, जो संगठित अपराध और विशेष अभियानों के अनुभव के आधार पर मॉनिटरिंग करेंगे। जोधपुर रेंज एवं आयुक्तालय की जिम्मेदारी एडीजी मुख्यालय हवा सिंह घुमरिया को दी गई है, जो प्रशासनिक अनुभव के साथ कानून-व्यवस्था पर सीधी निगरानी रखेंगे। उदयपुर रेंज की जिम्मेदारी एडीजी सतर्कता एस. सेंगाथिर को सौंपी गई है, जिससे क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूती मिलेगी। अजमेर रेंज का प्रभार एडीजी आर्म्ड बटालियन एवं एसडीआरएफ रुपिन्दर सिंह को दिया गया है, जो आपदा प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था के अनुभव के आधार पर कार्य करेंगे। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि सभी अधिकारी अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में नियमित भ्रमण, समीक्षा बैठकें और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों की सतत निगरानी सुनिश्चित करेंगे, ताकि प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# आपकी इन गलतियों के चलते बेकाबू हो सकता है डायबिटीज, आप न करें लापरवाही

डायबिटीज महज एक बीमारी नहीं बल्कि एक ऐसी समस्या है जो आपकी जिंदगी में की गई लापरवाही स्ट्रेस और बेकार के खानपान का सबूत है। डायबिटीज मेटाबॉलिज्म से जुड़ी एक समस्या है जिसे पूरी तरह ठीक तो नहीं किया जा सकता। लेकिन एक सही जीवन शैली और आदतों के जरिए इसे नियंत्रित किया जा सकता है। पर कुछ लोग अपने डायबिटीज के टाइप को भूल जाते हैं और ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जो उनकी डायबिटीज को मैनेज करने की बजाय, स्थिति को बिगाड़ देती हैं।



**एक्सरसाइज को टाल देना :** जब डायबिटीज के रोगियों से एक्सरसाइज करने को कहा जाता है तो वह अक्सर यह कह कर टाल देते हैं कि वह घर के कामकाज कर लेते हैं या काफी पैदल चल लेते हैं। लेकिन आपको बता दें कि यह काम काज आपकी बॉडी को उस हद तक लाभ नहीं देते, जो एक्सरसाइज देती है। आपको बता दें कि जब बात एक्सरसाइज की आती है तो इसका मतलब लचीलेपन, ताकत और सहनशक्ति से होता है। इसमें लचीलेपन के लिए योग, ताकत के लिए मसल्स ट्रेनिंग और सहन शक्ति के लिए कार्डियो एक्सरसाइज की जाती है।

**शुगर लेवल की जांच न करना :** अगर आप अपने शुगर लेवल की जांच समय-समय पर नहीं करते तो आप यह किस तरह पता लगाएंगे कि एक्सरसाइज का प्रभाव आप पर कैसे हो रहा है। आपको बता दें कि एक्सरसाइज आपका वजन घटाने में मदद कर सकती है। लेकिन इसका असर शुगर के उतार चढ़ाव में भी देखने को मिल सकता है। इसलिए दिन में चार बार फास्टिंग, ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के बाद शुगर लेवल की जांच जरूर करें। आप भोजन के दो घंटे बाद शुगर लेवल की जांच कर सकते हैं।

**हद से ज्यादा एक्सरसाइज करना :** वर्कआउट के दौरान लोग अक्सर बहुत ज्यादा उत्साहित होने लगते हैं और अपने मसल्स ट्रेनिंग में एक्सरसाइज अधिक करने लगते हैं, ताकि मसल्स का साइज जल्दी बढ़ने लगे। क्योंकि मांसपेशियों का निर्माण डायबिटीज में बेहद जरूरी माना जाता है। लेकिन ध्यान रहे कि मसल्स एक दिन में नहीं बढ़ते बल्कि इन्हें बढ़ने में महीनों का समय लग जाता है। इसलिए एक्सरसाइज करते समय अपने शरीर की मांग को जरूर सुने और ध्यान रहे कि मसल्स एक्सरसाइज के दौरान नहीं बल्कि आराम के दौरान बढ़ जाता है।

**आराम ना करना :** अगर आप वजन घटाना चाहते हैं और इसके लिए व्यायाम करते है। लेकिन व्यायाम के बाद शरीर को पूरी तरह आराम करने का मौका नहीं देते, तो ध्यान रहे यह चीज आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। एक्सरसाइज के दौरान मांसपेशियों पर पड़े तनाव को खत्म करने के लिए पर्याप्त मात्रा में आराम करना जरूरी होता है।

**बिना कोच के स्वयं एक्सरसाइज करना :** आमतौर पर लोग एक्सरसाइज स्वयं ही करते हैं और इस दौरान किसी की राय या गाइडेंस नहीं लेते। लेकिन आपको बता दें कि एक्सरसाइज का सही असर पाने के लिए बॉडी पोस्चर और मोमेंटम बने रहना बेहद जरूरी है। इसलिए एक्सरसाइज के लिए कोच जरूर चुने।

**बॉडी कंपोजिशन मशीन का न होना :** एक्सरसाइज करने की जगह पर ज्यादातर लोग केवल अपना वजन ही देखते नजर आते हैं। जबकि इसके अलावा बीएमआर, बीएमआई, आंत का फैट, शरीर का फैट और मांसपेशियों के बारे में सही जानकारी होना जरूरी है। इसलिए समय - समय पर बॉडी कंपोजिशन मशीन के जरिए चेक जरूर करते रहें।

**उपचार प्रक्रिया :** डायबिटीज के उपचार की प्रक्रिया इसके टाइप और स्थिति के आधार पर तय की जाती है। कई बार डायबिटीज के अन्य दुष्प्रभावों से बचे रहने के लिए होम्योपैथिक दवाओं या उपचार प्रक्रिया का पालन करने की सलाह दी जाती है। इसके जरिए डायबिटीज मैनेज भी होती है और कई दूसरी दवाओं को लेने की जरूरत नहीं पड़ती।

# अधिक मात्रा में जीरे का पानी पीने से सेहत को होते सकते हैं ये नुकसान

खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए जीरे का काफी ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। खाने का तड़का हो या फिर गर्म मसाला जीरे का मिश्रण लगभग हर किसी में किया जाता है। यह न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाने में मददगार है, बल्कि इससे स्वास्थ्य से जुड़ी कई परेशानियां दूर की जा सकती हैं। जीरा ही नहीं, जीरे का पानी भी स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी होता है। वजन घटाने से लेकर कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में जीरे का पानी आपके लिए लाभकारी होता है। लेकिन क्या आप जीरे का पीने के नुकसान के बारे में जानते हैं? अगर नहीं, तो आपको बता दें कि अधिक मात्रा में जीरे का पानी भी स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है।



**पाचन से जुड़ी परेशानी :** अधिक मात्रा में जीरे का पानी पीने से पाचन और गैस्ट्रिस से जुड़ी परेशानी हो सकीत है। लेकिन ध्यान रखें कि अगर आप सीमित मात्रा में जीरे का पानी पीते हैं, तो यह नुकसान नहीं पहुंचाता है। इसलिए पाचन को स्वस्थ रखने के लिए सीमित मात्रा में जीरे का पानी पीना चाहिए।

**किडनी और लिवर को करे प्रभावित :** जीरे का पानी अधिक मात्रा में पीने से किडनी और लिवर से जुड़ी परेशानी हो सकती है। अगर आप इसका ओवरडोज करते हैं, तो यह आपकी किडनी को प्रभावित करता है। इसलिए डॉक्टर या डायटीशियन के सलाहनुसार जीरे के पानी का सेवन करें।

**स्तनपान कराने वाली महिलाओं को दूध की कमी :** अगर आप स्तनपान कराती हैं, तो जीरे के पानी का सेवन सीमित मात्रा में करें। दरसअल, अगर आप ज्यादा मात्रा में जीरे के पानी का सेवन करते हैं, तो इससे दूध की कमी हो सकती है। इसलिए सीमित मात्रा में ही जीरे के पानी पिएं। इसके अलावा अगर आपकी डिलीवरी सर्जरी से हुई है, तो डॉक्टर के सलाह पर ही जीरे का पानी पिएं।

**ब्लड शुगर लेवल करे कम :** ब्लड शुगर को कम करने के लिए कई एक्सपर्ट जीरे के पानी का सेवन करने की सलाह देते हैं। लेकिन ध्यान रखें कि अगर आपका ब्लड शुगर कंट्रोल में है, तो सीमित मात्रा में ही इसका सेवन करें। अधिक मात्रा में जीरे का पानी पीने से ब्लड शुगर लेवल कम हो सकता है। जिससे आपको कमजोरी और चक्कर आने की परेशानी हो जाती है। साथ ही एलर्जी होने पर भी इसका सेवन करने से बचें।

**गर्भपात का खतरा :** गर्भवती महिलाओं को भी जीरे का पानी पीने से पहले एक्सपर्ट से सलाह लेने की जरूरत होती है। दरअसल, अधिक मात्रा में जीरे का पानी पीने से गर्भपात का खतरा रहता है। क्योंकि इसकी तासीर गर्म होती है, जो गर्भपात का कारण हो सकती है। वहीं, पीरियड्स के दौरान जीरे का पानी पीने से ब्लीडिंग ज्यादा हो सकती है।

# रोज भीगे अंजीर खाने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे

अंजीर स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। अंजीर में जिंक,मैंगनीज,मैग्नीशियम,आयरन जैसे खनिज पाए जाते हैं। अंजीर में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर भी भरपूर मात्रा में पाई जाती है। अंजीर के सेवन से महिलाओं को हार्मोनल समस्या और पीरियड्स में परेशानी नहीं होती है। भीगे हुए अंजीर खाने से वजन कम करने में भी सहायता मिलती है। इसके सेवन से आपका पेट ज्यादा समय तक भरा हुआ रहता है। इसके अलावा यह हार्ट से संबंधित समस्याओं को भी दूर करता है। इसी तरह ये डायबिटीज के मरीजों के लिए भी बेहद उपोयगी होते हैं।



**दिल का रखें ख्याल :** अंजीर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपके ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल रखने में मदद करता है। इसके अलावा यह हृदय स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है। अंजीर शरीर में ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है, जो हृदय संबंधी समस्याओं का प्रमुख कारण है।

**हड्डियों को बनाए मजबूत :** अंजीर में कैल्शियम, फॉस्फोरस,मैग्नीशियम,पोटेशियम आदि होते हैं। जो हड्डियों की तंदुरुस्ती के लिए बेहद लाभदायक होते हैं। ये सभी पोषक तत्व आपके हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। हमारा शरीर खुद कैल्शियम प्रोड्यूस नहीं करता है इसलिए ये बेहद जरूरी है कि आप कैल्शियम से भरपूर चीजों का सेवन करें।

**प्रजनन क्षमता बढ़ाता है :** जैसे कि हमने आपको पहले ही बताया कि अंजीर में जिंक,मैंगनीज,मैग्नीशियम और आयरन जैसे खनिजों का भंडार है। यह सभी तत्व प्रजनन स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर हार्मोन असंतुलन और पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं में भी काफी कारगर है। महिलाओं को कमजोरी में भी अंजीर खाने की सलाह दी जाती है।

अंजीर में कॉपर, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम आदि पोषक तत्व होते हैं। इन पोषक तत्वों की मदद से आपका मेटाबॉलिज्म बिल्कुल सही रहता है। इसके अलावा अंजीर में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। जो आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। अंजीर आपकी कैलोरी की मात्रा को भी नियंत्रित करता है। तो अगर अपना वजन कम करना चाहते हैं तो अंजीर को अपने आहार में जरूर शामिल करें।

**शुगर के स्तर को कम करता है :** अंजीर में उच्च मात्रा में पोटेशियम होता है। यह आपके शरीर में शुगर के स्तर को नियंत्रित रखता है। अंजीर में मौजूद क्लोरोजेनिक एसिड ब्लड शुगर लेवल कम करने में मदद कर सकता है।

**रक्तचाप को कम करता है :** अंजीर में मौजूद पोटेशियम एक महत्वपूर्ण खनिज है। इसके नियमित सेवन से ब्लड प्रशेर को संतुलित रखने में मदद मिलती है। साथ ही यह सोडियम के हानिकारक प्रभावों को भी कम करता है।

जो रक्तचाप के लिए बेहद नुकसानदेह है। हालांकि आजकल प्रोसेड फूड बाजारों में ज्यादा मिलते हैं इसलिए ये बेहद जरूरी है कि हम पोटेशियम से भरपूर आहार लें।

# बच्चों में दूध पीने की आदत छुड़ाने और ठोस आहार की आदत डालने के लिए आजमाएं ये टिप्स

माता-पिता के लिए अपने बड़े होते बच्चे से मां का दूध छुड़ाना और उसे नई-नई चीजों का स्वाद देना बेहद रोमांचकारी होता है। इसी को इंग्लिश में वीनिंग कहा जाता है। सीड्स ऑफ इनोसेंस में स्त्री रोग विशेषज्ञ और आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ गौरी अग्रवाल बताती हैं कि मां का दूध छुड़ाने को हम तीन भागों में बांट सकते हैं। पहला जब 6 माह के बाद बच्चे को नया स्वाद चखाया जाए। दूसरा भाग सातवें महीने से शुरू होता है जब बच्चे को थोड़े और अधिक खाद्यों का स्वाद दिया जाए। तीसरा और अंतिम चरण है 9 से 12 महीने में। जब बच्चे को वो सब खिलाया जाए जो परिवार के लिए बनता है। हालांकि कुछ बच्चे जल्दी या देर से भी इन खाद्य को ले सकते हैं। यह जरूरी है कि आप यह ध्यान रखें कि क्या आपका बच्चा इस नए स्वाद के लिए तैयार है? क्योंकि एक माता-पिता से ज्यादा बेहतर इस बात को कोई नहीं समझ सकता। बहुत बार देखा गया है कि जैसे ही मां बच्चे की यह आदत छुड़ाने की कोशिश करती हैं तो उसको काफी सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि कुछ



बच्चे मां का दूध छोड़ने को बिल्कुल तैयार नहीं होते। जब उन्हें दूध न पिलाया जाए तो काफी चिड़चिड़ाते हैं। कुछ बच्चे तो साल भर बाद भी मां का दूध ही पीते रहते हैं। यह प्रक्रिया बच्चे और मां दोनों के लिए ही थोड़ी असहज हो सकती है। लेकिन इसे आसान बनाने के लिए हम आपके लिए कुछ टिप्स लेकर आए हैं।

**बैठने के सही ढंग पर ध्यान करें :** दूध छुड़ाने की प्रक्रिया वह दौर होता है जब बच्चा शारीरिक रूप से भी बड़ा होने लगता है। इस दौरान वह बैठना सीखने लगता है।

आप को यह जरूर सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि जब आपका बच्चा अन्य खाद्य पदार्थ खा रहा हो तब वह सही ढंग से बैठा हो। उसकी रीढ़ की हड्डी और गर्दन अभी भी नाजुक ही होती है। इसलिए उसका पूरा ध्यान रखें। अगर आप उसे खाना खिलाते समय काफी आरामदायक महसूस करवाना चाहती हैं तो आप बाजार में उपलब्ध बच्चों वाली चेयर खरीद सकती हैं।

**नरम और सोख लेने वाले बिब का प्रयोग करें :** बच्चे को खाना खिलाते समय खाद्य पदार्थ के गिरने पर कपड़ों को गंदा होने से बचाने वाला एक कपड़ा या कवर होता है। ताकि उसके कपड़े गंदे न हों।

बच्चे को खाना खिलाते समय इसकी आवश्यकता बहुत अधिक होती है। यह ध्यान रखें कि यह कपड़ा काफी मुलायम और सोखने वाला हो।

# क्या सफेद चावल सेहत के लिए चीनी से भी ज्यादा नुकसानदायक होते हैं?

भारत में लगभग आधी आबादी अपनी डाइट में सफेद चावल शामिल करती है। चावल लगभग सभी हिस्सों में खाया जाता है क्योंकि एक तो इसे उगाना दूसरी फसलों की अपेक्षा आसान होता है और ये आसानी से और जल्दी पक भी जाता है। इन दिनों बाजार में ब्राउन राइस भी मिलने लगे हैं, जो व्हाइट राइस से ज्यादा हेल्दी माने जाते हैं। आजकल जैसे-जैसे फिटनेस की तरफ लोगों का रुझान बढ़ रहा है, तो लोग अब व्हाइट राइस यानी सफेद चावल को सेहत के लिए नुकसानदायक मानने लगे हैं।

**क्या सफेद चावल चीनी से भी अधिक नुकसानदायक हैं :** सफेद चावल का सेवन शरीर में एकदम से ब्लड शुगर बढ़ा सकता है क्योंकि इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स ज्यादा होता है। जिन फूड्स का ग्लाइसेमिक इंडेक्स ज्यादा होता है उनके सेवन से शरीर में एकदम ब्लड शुगर की मात्रा बढ़ जाती है, जबकि लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड्स के सेवन से शरीर में ब्लड शुगर धीरे-धीरे ही बढ़ता है या कम असर होता है। दरअसल उबले हुए सफेद चावल का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 73 होता है, जबकि सफेद चीनी का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 65 के लगभग होता है। इसके अलावा 1 चम्मच सफेद चीनी में लगभग 20 कैलोरीज और 5 ग्राम कार्बोहाइड्रेट होता है, वहीं एक कप उबले हुए सफेद चावल में कैलोरीज 204 और कार्बोहाइड्रेट 41.6 होता है।

**सफेद और ब्राउन चावल के बीच अंतर :** ब्राउन राइस में दो ऐसे तत्व होते हैं जो सफेद चावल में नहीं होते और यह तत्व हैं ब्रान यानी चावल का ऊपरी छिलका और जर्म जोकि अनाज का रिप्रोडक्टिव भाग होता है। यह दोनों भाग ब्राउन राइस को व्हाइट राइस की अपेक्षा ज्यादा पौष्टिक और रंग में भूरा बनाते हैं। इसका एक नुकसान केवल यह है कि इन तत्वों के कारण ब्राउन चावल जल्दी खराब हो जाते हैं।

# बच्चों को एक्टिव रखने के लिए माता-पिता अपनाएं ये तरीके, दिनभर नहीं करेंगे तंग

आज के समय में बच्चों का एक्टिव और ऊर्जावान होना बेहद जरूरी है। इससे उनके विकास पर भी असर पड़ता है। वहीं अगर बच्चे सुस्ती महसूस करते हैं तो इसका असर उनकी ग्रोथ पर भी पड़ सकता है। ऐसे में माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को एक्टिव रखने के लिए कुछ तरीकों की मदद लें। बता दें कि बच्चों की दिनचर्या में थोड़ा सा बदलाव करके उन्हें एक्टिव रखा जा सकता है।

## सीढ़ियां चढ़ने के लिए बोलें

बच्चों को एक्टिव रखने का सबसे अच्छा तरीका है उन्हें सीढ़ी चढ़ने के लिए कहें। इससे ना केवल बच्चे एक्टिव फील करेंगे बल्कि उनकी सुस्ती भी भाग जाएगी। ऐसे में आप बच्चे को किसी काम के लिए कह सकते हैं। या आप खुद भी उनके साथ इस एक्टिविटी को अपना सकते हैं। ऐसा करने से आप भी खुद को एक्टिव महसूस करेंगे और बच्चे आपको देख-दखकर आगे बढ़ेंगे।

## डिनर के बाद जाएं बाहर

आज के समय में माता-पिता डिनर के बाद टेलीविजन देखने बैठ जाते हैं। ऐसे में उन्हें देखा-देख बच्चे भी यही पैटर्न अपनाना शुरू कर देते हैं। ऐसे में सबसे पहले माता-पिता को अपनी आदत बदलनी होगी। उसके बाद ही वे अपने बच्चों की आदत बदल पाएंगे। खाना खाने के बाद घूमने जाएं, जिससे ना केवल बच्चों में अच्छी आदत पैदा होगी बल्कि उनकी सुस्ती भी दूर हो जाएगी।

## स्कूल से घर कर जाएं पैदल

अगर बच्चों का स्कूल पास है तो किसी व्हीकल लेने की बजाय उसे पैदल छोड़ने जाएं। इससे भी उसके अंदर ऊर्जा का संचार होगा और वो पैदल चलन के लिए प्रेरित होगा। बता दें कि



पैदल चलने से ना केवल बच्चे की शारीरिक गतिविधि का विकास होगा ब्लकि वे एक्टिव भी रहेंगे। इससे अलग यदि आप बच्चे के साथ मार्केट जा रहे हो तो ऐसे में खुद भी पैदल जाने की कोशिश करें।

## बच्चों की लें घर के कामों में मदद

अगर माता-पिता बच्चों की मदद घर के काम में लेंगे तो इससे ना केवल उन्हें एक्टिव रहने में मदद मिलेगी बल्कि घर के कामों में बच्चों की भागीदारी भी बढ़ेगी। ऐसे में माता-पिता बच्चों से बर्तन धुलवा सकते हैं या कार साफ करने के लिए कह सकते हैं।

## डांसिंग क्लास में हिस्सेदारी

बच्चे को एक्टिव बनाने के लिए डांस क्लास आपके बेहद काम आ सकती है। कई शारीरिक गतिविधियां इसमें शामिल होती हैं, जिससे बच्चे की ना केवल एक्सरसाइज हो जाती है बल्कि वो एक्टिव भी महसूस कर सकता है। इससे अलग डांस क्लास के अलावा माता-पिता बच्चों को साइकिल के लिए भेज सकते हैं या उनसे रनिंग के लिए भी बोल सकते हैं। इससे वे एक्टिव रहने के लिए प्रेरित होंगे।

# दो-मुंहे बालों से छुटकारा पाने के लिए लगाएं ये तेल

बालों की सुंदरता से आपके चेहरे पर निखार आता है। लेकिन इन दिनों बढ़ते प्रदूषण और धूल की वजह से बालों को कई तरह के नुकसान होने का खतरा रहता है। खासतौर पर दोमुंहे बालों की परेशानी काफी ज्यादा होने लगती है। बालों में धूल-मिट्टी और प्रदूषण की वजह से नमी की कमी के कारण दोमुंहे बालों की समस्या हो सकती है। दोमुंहे बाल होने से आपके बाल काफी ज्यादा डैमेज होने लगते हैं। ऐसे में लोग तमाम तरह के उपायों का सहारा लेते हैं। कई लोग दोमुंहे बालों की परेशानी से निजात पाने के लिए तरह-तरह के केमिकल युक्त प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इससे बालों को और अधिक नुकसान होने का खतरा रहता है। ऐसे में लोगों को नैचुरल उत्पादों का इस्तेमाल करना चाहिए।



**बादाम तेल :** बादाम तेल दो मुंहे बालों की समस्या को दूर करने में असरकारी हो सकता है। इस तेल में विटामिन ई और विटामिन के भरपूर रूप से होता है, जो आपके बालों को भरपूर पोषण प्रदान करता है। जो आपके बालों को डैमेज होने से बचा सकता है। दो मुंहे बालों की समस्या से राहत पाने के लिए आप बादाम तेल को सीधे तौर पर अपने बालों में लगा सकते हैं। इससे आपको काफी राहत मिल सकता है।

**ऑर्गन का तेल :** ऑर्गन ऑयल को बालों में लगाने से आपके बाल हाइड्रेट हो सकते हैं। जिससे दोमुंहे बालों की समस्या से छुटकारा मिलेगा। ऑर्गन ऑयल आपके बालों को गहराई से पोषण प्रदान करता है, जिससे बालों की चमक बढ़ती है। अगर आपके दोमुंहे बाल काफी ज्यादा हो रहे हैं, तो अपने बालों के सिरे पर ऑर्गन ऑयल लगाएं। इसके बाद कुछ समय इसे तौलिए से चपेट कर छोड़ दें। बाद में नॉर्मल पानी से अपने बालों को धो लें। इससे दोमुंहे बालों की परेशानी से छुटकारा मिल सकता है।

**नारियल तेल :** दोमुंहे बालों की समस्या से निजात पाने के लिए नारियल तेल आपके लिए काफी उपयोगी हो सकता है। नारियल तेल आपके बालों को लंबे समय तक हाइड्रेट रखता है। साथ ही यह धूल-मिट्टी और प्रदूषण से बालों की सुरक्षा करता है। अगर आप दो मुंहे बालों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो सप्ताह में दो से तीन बार नारियल तेल अपने बालों में लगाएं। कोशिश करें कि तेल को अपने बालों के सिरे में जरूर लगाएं।

**एवोकाडो ऑयल :** एवोकाडो ओमेगा-3 फैटी एसिड और मिनरल से भरपूर होता है, जो आपके बालों को मजबूती प्रदान करता है। इसके अलावा यह एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ई से समृद्ध हो जाता है, जो बालों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इससे बाल लंबे समय तक मॉइस्चराइज होते हैं। एवोकाडो ऑयल को बालों में लगाने से डैमेज और फिजी बालों से छुटकारा पाया जा सकता है। साथ ही यह बालों की चमक को बढ़ाता है। एवोकाडो ऑयल को सप्ताह में 1 बार इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे दोमुंहे बालों से छुटकारा पा सकते हैं। बालों में इस तेल का इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच ऑलिव ऑयल लें। इसमें दो टेबलस्पून एवोकाडो ऑयल डालकर मिक्स करें। अब इस तेल के मिश्रण को अपने बालों पर लगाकर करीब 3 घंटे के लिए छोड़ दें। इससे आपके बाल सिल्की हो सकते हैं।

**ऑलिव ऑयल :** ऑलिव ऑयल स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें सुरक्षात्मक और मॉइस्चराइजिंग गुण होता हैं। यह आपके बालों को सॉफ्ट और कैरोटीन प्रदान करता है। इस तेल को नींबू के साथ बालों में लगाने से आपके बाल डैंड्रफ से मुक्त हो सकते हैं। साथ ही यह तेल बालों को कंडीशनिंग प्रदान करता है। यह प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट गुणों से समृद्ध होता है, जो केमिकल अवयवों से मुक्त है। इस तेल के इस्तेमाल से रुखे और उलझे बालों से छुटकारा मिलेगा। सर्दियों में बालों में होने वाली समस्याओं से बचाने में ऑलिव ऑयल लाभकारी हो सकता है। सप्ताह में 1 बार ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए अपने पूरे बालों में ऑलिव ऑयल लगाएं। फिर इसे तौलिए से करीब 30 मिनट तक लपेट के छोड़ दें।

**फिश ऑयल :** दोमुंहे बालों की वजह से डैमेज हुए बालों की रिपेयरिंग के लिए आप फिश ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। फिश ऑयल में फैटी एसिड भरपूर रूप से होता है, जो आपके बालों को गहराई से पोषण प्रदान करता है। इस तेल को बाल में सबाने से ब्लड सर्कुलेशन बी बेहतर बेहता है, जो बालों को हेल्दी बनाए रखता है। फिश ऑयल को बालों में लगाने के लिए सबसे पहले 2 कैप्सूल फिश ऑयल लें। अब इस तेल में दो बड़े चम्मच नारियल तेल के डाले। इसके बाद इसमें लैवेंडर तेल की कुछ बूंदे डाल दें। फिर इसे धीमी आंच पर पकाएं। इन तेलों के मिश्रण को अपने बालों के सिरे पर लगाएं। बाद में अपने बालों को तौलिए से लपेट लें। करीब 30 से 40 मिनट बाद अपने बालों को धो लें। इन तरीके से फिश ऑयल का इस्तेमाल करने से दोमुंहे बालों की परेशानी से छुटकारा मिल सकता है।

**अंगूर के बीज का तेल :** ग्रेपसीड ऑयल कोल्ड-प्रेस्ड अंगूर के बीजों का अर्क होता है। इसमें एमोलिएंट, एंटीऑक्सिडेंट और पोषक तत्व भरपूर रूप से मौजूद होता हैं, जो बालों को स्वस्थ रखने में आपकी मदद कर सकता है। इसमें कई अन्य प्राकृतिक तेलों के समान मॉइस्चराइजिंग गुण मौजूद होता है। डैमेज और कमजोर बालों को झड़ से मजबूत करने में ग्रैप्ससीड ऑयल का इस्तेमाल किया जा सकता है।

डैंड्रफ और झड़ते बालों से लड़ने में यह तेल काफी प्रभावी साबित हो सकता है। इस तेल को आप सीधे तौर पर अपने बालों में लगा सकते हैं। यह काफी हल्का तेल होता है, जिसे आप सप्ताह में कई बार अपने बालों में लगा सकते हैं।

# हर खेत को नहर का पानी - हर खेत को रास्ता अभियान को लेकर आज किसान संघ का शक्ति प्रदर्शन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भारतीय किसान संघ, जिला इकाई चूरू के बैनर तले पिछले कई महीनों से चल रही श्किसान जागृति रथ यात्रा का कल, 30 अप्रैल 2026 को तारानगर में भव्य समापन होने जा रहा है। श्किसान जागृति रथ यात्रा तीसरे दिन जनसंपर्क के लिए करणपुरा, खरतवासिया, ढाणी आशा, आनंद सिह पुरा, जवानीपुरा, ढाणी कुम्हारान, गोगटिया चारणान, सात्यु यात्रा चौथे दिन राजपुरा, हड़ियाल, ब्रह्मनगर, डींगी, झाड़सर छोटा, मोरथल, जिगसाना ताल, रामपुरा और अलायला होते हुए तारानगर पहुंची। अपनी जायज मांगों को लेकर क्षेत्र के सैकड़ो किसान कल सुबह 9:30 बजे तारानगर अनाज मंडी में अपने ट्रैक्टरों के साथ जुटेंगे, जहाँ से एक विशाल ट्रैक्टर रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। हर खेत को नहर का पानी-हर खेत को रास्ताष् के संकल्प के साथ आयोजित इस आंदोलन में किसान 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपेंगे।



## ये हैं किसानों की 12 प्रमुख मांगें:

**नहरी पानी की चोरी पर रोक:** साहवा लिफ्ट कैनाल में हो रही पानी की चोरी रोककर आपूर्ति को ढाई गुना बढ़ाया जाए।

**सिंचाई विस्तार:** तारानगर की 42 हजार हेक्टेयर भूमि के लिए सिंचाई परियोजना का विस्तार कर अंतिम छोर तक पानी पहुँचाया जाए।

**न्यायसंगत जल बंटवारा :** शारदा-यमुना-साबरमती लिंक प्रोजेक्ट या अन्य माध्यमों से चूरू जिले के लिए सिंचाई का अलग कोटा निर्धारित हो।

**नया कार्यालय :** साहवा-तारानगर क्षेत्र के लिए पृथक श्सहायक निदेशक कृषि विस्तार कार्यालय खोला जाए।

**गुणवत्ता जांच लैब :** नकली खाद-बीज और कीटनाशकों पर लगाम लगाने के लिए जिले में आधुनिक प्रयोगशाला का निर्माण हो।

**खेत के रास्ते का अधिकार :** किसानों को खेत का रास्ता दिलाने के कानून को सरल बनाकर 30 दिन में समाधान सुनिश्चित किया जाए।

**पारदर्शी बीमा क्लेम :** फसल बीमा क्लेम को एक्सीडेंट क्लेम की तर्ज पर पारदर्शी बनाया जाए ताकि किसानों को भटकना न पड़े।

**भावांतर योजना :** मध्य प्रदेश की तर्ज पर फसलों के भाव का अंतर सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजा जाए।

**निर्बाध बिजली :** सिंचाई के लिए बिना ट्रिपिंग और फुल वोल्टेज के साथ पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो।

**गौ आधारित जैविक खेती :** जैविक खेती करने वाले किसानों को आर्थिक सहायता और जिला स्तर पर सम्मानित किया जाए।

**खाद-बीज की सुलभता:** ग्राम सहकारी समिति मे किसानो को फसलों की बुआई से पूर्व ही कृषि आदान उपलब्ध करवाई जाए। ?विदेशी बबूल से मुक्ति: विलायती बबूल को हटाने की योजना बने और मूंग, मूंगफली व बाजरे की सरकारी खरीद समय पर शुरू हो।

## प्रशासन को सीधी चेतावनी

भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा, प्रांत जल सरक्षण मंत्री शंकर महर्षि, संभाग मंत्री रामविलास कांधलान और तहसील प्रभारी डॉ. अंकुर कुल्हरी ने संयुक्त बयान में कहा कि चूरू की प्यासी धरती अब और इंतजार नहीं करेगी। यदि प्रशासन और सरकार ने इन मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं कीए तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# ससुराल से लौटी दुल्हन बेटियां सेवा भारती ने निभाई पग फेरा की रस्म

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सेवा भारती समिति जयपुर की ओर से 25 अप्रैल को अंबाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित 15वें श्री राम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे नव दंपतियों का सहकार मार्ग स्थित सेवा भारती के प्रदेश कार्यालय सेवा सदन में पगफेरा कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश को भोग अर्पित कर किया गया तथा विधिवत पूजा के बाद गणेश जी को विदा दी गई।

श्री राम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा सालासर धाम ने वधुओं को आशीर्वाद स्वरूप लिफाफे भेंट किए। इस अवसर पर दुल्हनों की पग फेरा रस्म भी पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न कराई गई। परंपरा अनुसार जैसे विवाह के बाद बेटी को मायके बुलाया जाता है, उसी भाव के साथ 45 नवविवाहित जोड़ों को सेवा सदन आमंत्रित कर यह रस्म निभाई गई। सेवा भारती की महिला कार्यकर्ताओं ने नव दंपतियों को साड़ी, पैंट, शर्ट, मिठाई एवं लिफाफे भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर संगठन मंत्री द्वारका प्रसाद, मूलचंद सोनी अखिल भारतीय प्रकाशन केंद्र, प्रमुख समाजसेवी नवल बगडिया, गिरधारी लाल शर्मा, हरि कृष्ण गोयल, हनुमान सिंह भाटी, कैलाश शर्मा, सुमन बंसल, एस.पी. शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नव दंपतियों को शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान नव दंपतियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें यह महसूस ही नहीं हुआ कि उनका विवाह किसी सामूहिक सम्मेलन में हुआ है। अंत में नव दंपतियों से समाज सेवा से जुड़ने का आह्वान किया गया। सेवा भारती के विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी साझा की गई, जिस पर नव दंपतियों ने भी संगठन से जुडकर समाजहित में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।




# भगवान की लीलाओं में आस्था रखना ही भक्ति है : स्वामी कानपुरी महाराज



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव रामसर में स्थित धोळी नाडी में श्रीमद्भागवत्कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्री काशीपुरीजी महाराज सेवा समिति धोली नाड़ी, रामसर द्वारा श्री श्री 1008 स्वामी काशीपुरी महाराज की द्वितीय तपोभूमि आश्रम में अयोजित हो रही इस कथा के छठे दिन उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि भगवान की समस्त लीलाओं में गूढ़ रहस्य होता है, इसलिए भगवान की लीलाओं को कभी संदेह की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाओं में अनेक प्रसंग ऐसे आते हैं, जिससे व्यक्ति अपनी बुद्धि से घटनाओं को गलत ठहराने का प्रयास करता है, जबकि उन घटनाओं के संदेश सालों-साल तक सामने आते हैं। भगवान की लीलाओ में आस्था रखना ही सच्ची भक्ति है। इस अवसर पर कानपुरी महाराज ने कालिया नाग की कथा सहित अनेक प्रसंग भक्तजनों को सुनाए। वहीं कथा के दौरान समाजसेवी शंकरलाल सामरिया, किशोरदास स्वामी, अशोक कुमार जाखड़ द्वारा कथावाचक स्वामी कानपुरी महाराज का साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। कथा के दौरान करंट बालाजी धाम के बजरंगपुरी महाराज, साध्वी संतोष पुरी महाराज का सानिध्य भी प्राप्त हो रहा है। आयोजन को सफल बनाने में महंत बजरंगलाल तंवरा, भंवरलाल गौड़, शिवप्रकाश बोहरा, भंवरलाल बेड़ा, रामरतन शर्मा, विनोद शरण, बनवारीलाल, पुखराल शर्मा, तिलोकचंद सहित अनेक श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं।

# टेक्निकल टेक्सटाइल से जूता उद्योग को नई दिशा : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जूते उद्योग में तकनीकी वस्त्रों (टेक्निकल टेक्सटाइल) के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के एक लेख को साझा किया। उन्होंने कहा कि यह लेख उद्योग में हो रहे बदलावों को सरल और प्रभावी तरीके से समझाता है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि जूते उद्योग में तकनीकी वस्त्रों का उपयोग कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि यह पहले से ही इस उद्योग का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

# सूरजगढ़ व सिंघाना में पानी की किल्लत दूर करने के लिए 8 नए ट्यूबवेल स्वीकृत

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** विधानसभा क्षेत्र सूरजगढ़ व सिंघाना में गहराते पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए विधायक श्रवण कुमार ने प्रशासनिक स्तर पर प्रयास कर आठ नए ट्यूबवेल स्वीकृत करवाए हैं। विधायक ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को सूरजगढ़ और सिंघाना नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में 8 नए ट्यूबवेल स्वीकृत करने की अनुशंसा की है। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामसिंह चेतीवाल ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में पेयजल की आपूर्ति करने हेतु विधायक श्रवण कुमार ने नगर पालिका क्षेत्र सूरजगढ़ एवं सिंघाना के वार्ड नं 1, 2, 7, 10, 22 व 17 एवं सिंघाना नगर पालिका के वाल्मीकि मोहल्ला एवं बड़ा मोहल्ला में पानी की समस्या के समाधान के लिए विशेष रूप से ट्यूबवेल निर्माण की मांग रखी गई है। विधायक श्रवण कुमार की अनुशंसा पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्य अभियंता शहरी एवं एनआरडब्ल्यू, जयपुर ने अधीक्षण अभियंता, झुंझुनू को आवश्यक निर्देश जारी कर विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे इन सभी चिह्नित स्थानों पर तकनीकी संभावनाओं की जांच कर जल्द से जल्द औपचारिक प्रस्ताव बनाकर भेजें ताकि कार्य को गति दी जा सके।

**आमजन को मिलेगी राहत**-सूरजगढ़ के 6 वार्डों और सिंघाना के दो प्रमुख मोहल्लों में नए ट्यूबवेल बनने से क्षेत्र की आधी से ज्यादा आबादी को सुचारू पेयजल मुहैया हो सकेगा सकेगा जिससे भीषण गर्मी में जनता को पेयजल किल्लत से राहत मिलेगी।


## कार्यालय नगर परिषद्, झुन्झुनू (राज.)

क्रमांक :-एफ(5)( )विकास/2026-27/1350 दिनांक :- 27.04.2026

**ई-निविदा संख्या 01/2026-27**

(NIB Code- DLB2627A0963)

कुल राशि - 12.48 लाख

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत (लाखो में) | 1248000/- |
| कुल धरोहर राशि 2 प्रतिशत (रूपये में) | 24960/- |
| कुल धरोहर राशि 1/2 प्रतिशत (रूपये में) | 6240/- |
| निविदा डाउनलोड करने की तिथि | 28.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे से 07.05.2026 प्रातः 11.00 बजे तक |
| निविदा अपलोड करने की तिथि | 28.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे से 07.05.2026 प्रातः 11.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 07.05.2026 दोपहर 12.00 बजे |

निविदा सूचना इंटरनेट साईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in वेबसाईट पर भी देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद झुन्झुनू

राज.संवाद/सी/26/1715


# सतत संरक्षण के लिए जनभागीदारी जरूरी: ओम बिरला

**जयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सतत विकास और पारिस्थितिक संतुलन सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों—सरकारी संस्थानों, पंचायती राज संस्थाओं, नगरीय निकायों, वन पंचायतों और नागरिकों—की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का सम्मान करना दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता के लिए आवश्यक है। नैनीताल स्थित डॉ. रघुनंदन सिंह टोलिया प्रशासनिक अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में वन पंचायत प्रतिनिधियों, त्रिस्तरीय पंचायत और शहरी निकायों के निर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की वन पंचायतें सामुदायिक भागीदारी आधारित वन प्रबंधन का सफल मॉडल हैं।

उन्होंने वन पंचायतों को भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे सशक्त कड़ी बताते हुए कहा कि जमीनी स्तर की संस्थाएं संरक्षण और सुशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने प्रतिनिधियों से संवाद कर उनके अनुभव और सुझाव भी सुने।


## आम सूचना

Au small finance bank शाखा रतनगढ़ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रफीक मोहम्मद व आमीर पुत्रगण सफी मोहम्मद मनियार निवासी राजलदेसर, रतनगढ़ चूरू अपनी व्यवसायिक जायदाद दुकान नंबर 02 तादादी 78 वर्ग फीट (डूंगर कॉम्प्लेक्स, ग्राउंड फ्लोर, कार्पेट एरिया) वाके वार्ड नंबर 11, नियर बैंक ऑफ बड़ौदा, राजलदेसर, तहसील रतनगढ़ चूरू को प्रार्थी Au small finance bank शाखा रतनगढ़ में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। उक्त जायदाद प्रार्थी ने जरिये विक्रय पत्र दिनांकित 03.07.2023 को रामगोपाल पुत्र डूंगरमल दर्जी से क्रय की थी। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक, वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Au small finance bank शाखा रतनगढ़ के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**



## कार्यालय ग्राम पंचायत कोलसिया पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/18 दिनांक :- 19.04.2026

**ई-निविदा सूचना 01/2026-27**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत कोलसिया के भारत निर्माण सेवा केन्द्र के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन का निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 29-04-2026, प्रातः 10:00 बजे से 05-05-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 05-05-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 06-05-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 06-05-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कोलसिया के भारत निर्माण सेवा केन्द्र के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन का निर्माण | 8.00 | ZJU2627A0104 | ZJU2627WSOB 00142 | 2026_PRD_ 554898_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कोलसिया से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत कोलसिया
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत कोलसिया
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)



## कार्यालय ग्राम पंचायत बाय पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/46 दिनांक :- 27.04.2026

**ई-निविदा सूचना 01/2026-27**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बाय के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 28-04-2026, प्रातः 10:00 बजे से 05-05-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 05-05-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 06-05-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 06-05-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र बाय के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढ़ी निर्माण कार्य | 8.00 | ZJU2627A0100 | ZJU2627WSOB 00124 | 2026_PRD_ 554741_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत बाय से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत बाय
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत बाय
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)



## कार्यालय ग्राम पंचायत घोडीवारा खुर्द पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/09 दिनांक :- 27.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत घोडीवारा खुर्द में अम्बेडकर भवन निर्माण हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| ई-निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|
| 1 | ZJU2627A0105 | ZJU2627WSOB00143 | 2026_PRD_554892_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत घोडीवारा खुर्द से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत घोडीवारा खुर्द
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत घोडीवारा खुर्द
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)



## कार्यालय पंचायत समिति सूरजगढ़ (झुंझुनू)

क्रमांक :- 461-471 दिनांक :- 29.04.2026

**खुली निविदा सूचना 03/2026-27**

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वॉल पेटिंग व नारा लेखन हेतु जीएसटी अधिनियम पंजीकृत संवेदकों/बोलीदाताओं से निम्नानुसार मोहरबन्द/खुली बोली/आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.05.2026 को दोपहर 11:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कराकर कार्यालय समय में कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। निविदाए दिनांक 08.05.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक जमा करवा सकते हैं।

| क्र. सं | नाम वस्तु/सेवाऐं | अनुमानित लागत/आय राशि/न्यूनतम राशि | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वॉल पेन्टींग व नारा लेखन | 5.00 लाख | 10000 | 500 | 08.05.2026/ दोपहर 3:00 बजे |

NIB No.-ZJU2627A0107

UBN No.-ZJU2627WSRC00145

निविदा प्रपत्र व शर्ते कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करवाकर क्रय किया जा सकता है।
निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार क्रय समिति का होगा।

**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति सूरजगढ़**

# मेगा हाईवे पर फॉर्चूनर पलटने से हादसा

## एक महिला की मौत, 8 लोग घायल



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** किशनगढ़-हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर खानपुर के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहा एक परिवार हादसे का शिकार हो गया। जिसमें दो महिलाओं सहित 8 जने घायल हो गए वहीं एक महिला की मौत हो गई। चालक जितेंद्र भामू ने बताया कि नागौर जिले के श्री बालाजी निवासी परिवार खाटूश्यामजी के दर्शन कर वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान खानपुर से आगे उनकी फॉर्चूनर गाड़ी की स्टेपनी निकल जाने से गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में टीकूराम पुत्र दुदाराम, शारदा पत्नी ओमप्रकाश, ओमप्रकाश पुत्र गणेशराम, सुमित्रा पत्नी बेगाराम, राजूराम, सुखराम गोदारा, सुरेश पुत्र पूर्णाराम, राजेंद्र चौधरी पुत्र शिवलाल भामू तथा कमला गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हारे का सहारा टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। वहीं लाडनूं सीओ जितेंद्र सिंह चारण तथा सीआई शंभूदयाल मीणा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सभी घायलों को तत्काल लाडनूं के राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान गंभीर घायल महिला कमला देवी ने दम तोड़ दिया। मृतका का शव लाडनूं के राजकीय चिकित्सालय स्थित मोर्चरी में रखवाया गया है। घायलों के प्राथमिक बयान के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मवेशी चोरी के आरोपियों को भेजा जेल

## आरोपियों की निशान देही पर चार मवेशी बरामद

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** मवेशी चोरी के आरोप में पीसी रिमांड पर चल रहे आरोपियों की निशान देही पर पुलिस ने चार मवेशी बरामद किए, पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि एक अप्रैल 2026 को पाजी की ढाणी तन खरकड़ा निवासी भागीरथमल गुर्जर ने रिपोर्ट दी थी कि 29 मार्च की रात्री को अज्ञात चोरों ने उसके बाड़े से 17 बकरियां चोरी कर ले गए थे। इसी प्रकार की चोरी की वारदात जिले में कई स्थानों पर गठित होने के कारण एसपी कावेंद्रसिंह सागर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चार टीमों का गठन कर मवेशी खेरी का खुलासा जल्द करने के निर्देश दिए। गुढ़ा में हुई मवेशी चोरी के दौरान सुराग लगा की आरोपी स्वीट डिजायर गाड़ी से आते है और मवेशी चोरी कर ले जाते है। मुखबीर के जरीए सूचना मिली की संदिग्ध डिजायर गाड़ी कॉपर में घुम रही है। सूचना पर मानोता नदी से माहोन नूंह थाना रोजा का मेव हरियाणा निवासी शौकत पुत्र नवाब मेव, रहणा तहसील नूंह हरियाणा निवासी मुनफेद पुत्र हमींद मियां, मानोता कला निवासी मेमर पुत्र बिरबल बंजारा व जगदीश पुत्र पप्पू बंजारा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से सख्ती से पुछताछ गई। आरोपियों की निशानदेही पर मानोता कलां बंजारा बस्ती से चुराई गई चार मवेशियों को बरामद किया। आरोपियों ने चारों मवेशियों के मेहंदी का लेप लगा रखा था। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों ने जिले में करीब 25 स्थानों से मवेशी चुरी करना कबुल किया। चारों आरोपियों के कब्जे से पूर्व में दो स्वीफ्ट डिजायर गाड़ी, एक हथोड़ी, प्लास, टॉर्च, रस्सी काटने के तीन चाकु बरामद कर लिए गए है। चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# नृसिंह जयंती आज : चौड़ा रास्ता में खंभ फाड़ प्रकटेंगे भगवान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान नृसिंह का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। भगवान विष्णु ने अपने उग्र रूप में नृसिंह अवतार लेकर भक्त प्रह्लाद की रक्षा की थी और हिरण्यकश्यपु का वध किया था। चौड़ा रास्ताए चांदपोल बाजार के नींदड़ रावजी का रास्ता, पुरानी बस्ती, सेठी कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर स्थित भगवान नृसिंह के मंदिरों में सुबह पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। जन्मोत्सव की बधाइयों के बीच उछाल होगी। चौड़ा रास्ता स्थित ताडकेश्वर मंदिर के बाहर शाम को नृसिंह लीला का सजीव मंचन होगा। ज्योतिषाचार्य पं. पुरुषोत्तम गौड़ के अनुसार नृसिंह अवतार आधा मानव और आधा सिंह के रूप में प्रकट हुआ था, जिसने यह संदेश दिया कि जब-जब धरती पर अत्याचार और अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतरित होकर धर्म की रक्षा करते हैं। ग्रंथों में लिखा है कि भगवान नृसिंह की पूजा करने से व्यक्ति को भयए रोगए शत्रु और तनाव से मुक्ति मिलती है। नृसिंह जयंती पर व्रत-पूजा करने के साथ-साथ दान करने का भी विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन श्रद्धा के अनुसार अनाज, जल, तिल, कपड़े, धन, छाता दान करना चाहिए। अभी गर्मी का समय है, तो किसी मंदिर में भक्तों के लिए पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। माना जाता है कि इस दिन किया गया दान कई गुना फल देता है और व्यक्ति के जीवन से दुख दूर होते हैं। इस दिन सुबह जल्दी उठकर पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए। कई श्रद्धालु तीर्थ स्नान करते हैं, लेकिन यह संभव न हो, तो घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। इसके बाद घर में गंगाजल या गौमूत्र का छिडकाव करना चाहिए। भगवान की पूजा में पहले व्रत और दान करने का संकल्प लेना चाहिए। दिनभर संयम, शांति और भक्ति भाव से मंत्र जप करना चाहिए। नृसिंह जयंती की मुख्य पूजा सूर्यास्त के समय की जाती है।

# स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी प्रोजेक्ट के अधीन कार्य कर रही एसएमएस कंपनी के चेयरमैन अभय हरकचंद संचेती की जयंती बुधवार को बनवास खदान परिसर में मनाई गई। जयंती के अवसर पर कर्मचारियों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमएस कंपनी के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट मानव संसाधन निशिकांत भोरे थे। अध्यक्षता सीनियर जनरल मैनेजर कम प्रोजेक्ट हैंड चेतन कुमार जेन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन नरेश नागपुरे, सहायक महाप्रबंधक मा.सं. श्यामलाल, डॉ आनंद सिंह चौपड़ा मौजूद थे। अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काट कर शिविर का शुभारंभ किया। चेतन कुमार जेन ने बताया कि कंपनी के चैयरमेन अभय हरकचंद संचेती की जयंती के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी कर्मचारियों की जांच कर नि:शुल्क दवा वितरण की गई।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी प्रदेश प्रभारी के बयान पर जताया विरोध

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल द्वारा किए गए विवादित टिप्पणी को लेकर कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधान मनीषा गुर्जर एवं पूर्व उपप्रधान अमरसिंह गुर्जर के नेतृत्व में बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल का पूतला दहन कर विरोध जताया। प्रधान मनीषा गुर्जर एवं अमरसिंह ने बताया कि बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल द्वारा पूर्व उपमुख्यमंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी नेता के बयान की कड़ी निंदा की और इसे राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ बताया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि इस तरह की भाषा लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचाती है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बीजेपी प्रदेश प्रभारी अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सचिन पायलट एक वरिष्ठ और सम्मानित नेता हैं, जिनके खिलाफ इस तरह की टिप्पणी अस्वीकार्य है। उन्होंने बताया कि यदि कभी बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल झुंझुनू जिले में आएंगे तो उनका बड़े स्तर पर विरोध किया जाएगा। इस दौरान वार्ड नंबर एक से आजाद मार्केट तक पूतला यात्रा निकाली गई। आजाद मार्केट पहुंच कर भाजपा प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल का पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर शमशेर चौधरी, धर्मवीर, रामनिवास लादी, संदीप, भागीरथ, लोकेश, दयानंद लांबा, रमेश पांडे, विक्रम मानोता, रामेश्वर कसाना, लीलाराम सैनी, सीताराम, मनोज श्योराण, देशराज, सुरेश भाड़ोलिया, जगदीश, होशियार सिंह, सुमेश, डॉ शीशराम गुर्जर, पूर्ण ठेकेदार, नागरमल, हजारी सैनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जनगणना का मनोयोग से ले प्रशिक्षण : वर्मा



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** देशभर में होने वाली 16 वीं जनगणना को लेकर प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्थानीय राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में जनगणना कार्य हेतु प्रगणक और सुपरवाइजर की ट्रेनिंग का उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने उद्घाटन किया। उपखंड अधिकारी ने सभी लोगों से जनगणना के कार्य को लगन व सही आंकड़ों के साथ सम्पन्न कराने की अपील की। ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि यह कार्य आपके लिए नया नहीं है और यह कार्य चुनाव के कार्य से काफी आसान है। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसी भी प्रकार की दिक्कत आप लोगों को नहीं होने देगा। अगर किसी को कोई दिक्कत आती है, तो वो इंचार्ज को कह सकते हैं। उन्होंने मनोयोग के साथ प्रशिक्षण हासिल करने की अपील की। इस दौरान तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने प्रशिक्षण के दौरान की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताया और सहयोग की अपील की। वहीं प्रशिक्षण के दौरान सहायक अभियंता चारवी, एसीबीईओ रणजीतसिंह भींचर सहित अनेक कार्मिक मौजूद रहे। आगामी 9 मई तक चलने वाली इस ट्रेनिंग में कुल 601 प्रगणक और सुपरवाइजर को जनगणना की ट्रेनिंग दी जाएगी। कुल 15 बैच में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में 10 ट्रेनर्स प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं। वहीं प्रोजेक्टर्स की सहायता से यह ट्रेनिंग दी जा रही है।

# एचपीवी टीकाकरण को मिली रफ्तार, जागरूकता से बढ़ रही भागीदारी



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** उप जिला चिकित्सालय रींगस में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान ने हाल के दिनों में गति पकड़ी है। जो वैक्सीन पहले केवल निजी अस्पतालों में महंगी दरों पर उपलब्ध थी, वह अब सरकारी स्तर पर नि:शुल्क उपलब्ध होने से आमजन में जागरूकता और उत्साह बढ़ा है। पीएमओ डॉ जितेन्द्र सिंह निठारवाल की योजना और समन्वय में चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की टीम द्वारा स्कूलों व समुदाय स्तर पर लगातार जागरूकता एवं काउंसलिंग गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। टीम के प्रयासों से अभिभावकों में समझ विकसित हुई है और अब वे स्वयं आगे आकर बच्चों का टीकाकरण करवा रहे हैं। डॉ निठारवाल ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन भविष्य में होने वाले गंभीर रोगों, विशेषकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी है, इसलिए समय पर टीकाकरण बेहद जरूरी है। अभियान में अस्पताल के सभी डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ एवं फील्ड टीम का पूर्ण सहयोग मिल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप टीकाकरण की संख्या में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी अस्पताल में यह सुविधा मिलने से अब हर वर्ग के बच्चे इस महत्वपूर्ण वैक्सीन का लाभ ले पा रहे हैं।

# बिजली समस्याओं से त्रस्त किसानों का प्रदर्शन, बड़े आंदोलन की चेतावनी

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** क्षेत्र में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था से नाराज किसानों का गुस्सा खुलकर सामने आया। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता ताराचंद सहारण के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने सहायक अभियंता (एईएन) कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने जले हुए ट्रांसफार्मरों को तुरंत बदलने, जर्जर बिजली खंभों और ढीले तारों को हटाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित और सुचारु बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इसके बाद किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने एईएन राजेश कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। किसानों का आरोप है कि सरदारशहर क्षेत्र में करीब 20 हजार कृषि बिजली कनेक्शन होने के बावजूद बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। उन्होंने विभाग पर बिना कमीशन कोई काम नहीं करने और वीसीआर (विद्युत चोरी निरोधक कार्रवाई) के नाम पर अवैध वसूली करने के गंभीर आरोप लगाए।

किसान नेता रूपचंद सारण ने बताया कि जीवणदेसर, भाटवाला सहित कई गांवों में हालात बेहद खराब हैं और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है।

प्रदर्शन के दौरान उस समय माहौल गरमा गया जब किसानों और एईएन राजेश कुमार मीणा के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। बहस के दौरान एईएन द्वारा किसानों से सीधी अंगुली सामने करके मत बोलो कहने पर किसान और भड़क गए, जिससे कुछ समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालांकि बाद में समझाइश के बाद मामला शांत हो गया। एईएन मीणा ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विभाग नियमानुसार कार्य कर रहा है और जहां भी समस्याएं हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने किसानों से सहयोग की अपील भी की। वहीं किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो अगले सोमवार को इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। कसानों का कहना है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# जैसा हमारा चिंतन होता है, वैसी ही हमारी परिस्थितियां निर्मित होती है : प्रमेंद्र नाथ

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** झोटवाड़ा रीको एरिया स्थित बड़ पीपली धाम में चल रहे 43 दिवसीय दुग्धाभिषेक अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत प्रमेंद्र नाथ महाराज ने कहा कि मनुष्य को सदैव सकारात्मक सोच रखनी चाहिए, क्योंकि जैसा हमारा चिंतन होता है, वैसी ही हमारी परिस्थितियां निर्मित होती हैं। श्रेष्ठ विचार जीवन में श्रेष्ठता को आकर्षित करते हैं और घर-परिवार में सुख.शांति का वातावरण बनाते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविक सुख और शांति बाहरी साधनों में नहीं, बल्कि हमारे मन और मस्तिष्क में निहित है। इसके लिए अनावश्यक रूप से बाबाओं के पीछे भटकने की आवश्यकता नहीं है। स्वच्छता को ईश्वर का प्रिय बताते हुए उन्होंने कहा कि जहां साफसफाई और पवित्रता होती है, वहीं भगवान का वास होता है। मन, विचार और शरीर में यदि अशुद्धि होगी तो वहां ईश्वर का निवास संभव नहीं है। प्रमेंद्र नाथ महाराज ने श्रद्धालुओं से घर का वातावरण सदैव पवित्र और सकारात्मक बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने सुझाव दिया कि समय.समय पर घर में गुग्गुल धूप देने से वातावरण शुद्ध होता है और समृद्धि बनी रहती है।

### हनुमान चालीसा अवश्य पढ़े

साथ ही उन्होंने प्रतिदिन कम से कम एक बार हनुमान चालीसा का पाठ करने की प्रेरणा दी। विशेष रूप से बच्चों के लिए इसे आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे उनकी बुद्धि का विकास होता है। और वे मेधावी बनते हैं। उन्होंने कहा कि अध्यात्म के मार्ग में कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए निरंतर साधना और परिश्रम आवश्यक है।

### धार्मिक आयोजनों में नाचना निषेध

धार्मिक आयोजनों में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा और सुंदरकांड जैसे कार्यक्रमों में नृत्य करना शास्त्रसम्मत नहीं है। ऐसे आयोजनों में शांत चित्त होकर श्रवण और मनन करना ही उचित है, तभी इष्ट देव की कृपा प्राप्त होती है। धाम के प्रवक्ता विक्रम सिंह रुण्डल ने बताया कि बड़ पीपली धाम में प्रतिदिन 108 किलो दूध से अभिषेक किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। अभिषेक का दूध पशु.पक्षियों को पिलाया जाता है।

# प्री-बोर्ड परीक्षा में वीपीएस के पांच विद्यार्थी आए प्रथम



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय स्तर पर रचना सागर नई दिल्ली द्वारा आयोजित केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड की प्री-बोर्ड परीक्षा में विवेकानंद पब्लिक स्कूल राजोता के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर बुधवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह को आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संस्था निदेशक अशोकसिंह शेखावत थे, जबकि अध्यक्षता चेयरपर्सन विजया शेखावत ने की। प्राचार्य अजयसिंह शेखावत ने बताया कि कक्षा 10 की छात्रा गौरांगी वर्मा ने विज्ञान वर्ग में तथा तनिषा कुमारी ने हिन्दी विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं की अनन्या खुराना ने अर्थशास्त्र, दिव्यांशी अग्रवाल ने लेखाशास्त्र एवं व्यवसाय अध्ययन तथा अंतरिक्ष सैनी ने जीव विज्ञान विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि अशोकसिंह शेखावत ने कहा कि प्री-बोर्ड परीक्षा बोर्ड परीक्षा की तैयारी का महत्वपूर्ण आधार होती है। इससे विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, प्रश्न पत्र पैटर्न और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलती है।

उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं प्रति विषय 2100 रुपये का चेक देकर सम्मानित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विकास खुराना, त्रिलोक वर्मा, मनोज वर्मा, उमेश अग्रवाल, मनीता अग्रवाल, महेंद्र सैनी सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सेवा में समर्पित पंच दिवसीय जन्मोत्सव, निराश्रय बच्चों को वितरित किए उपहार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आस्था का पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान में प्रेम प्रकाश मंडल के चतुर्थ पीठाधीश्वर सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के उतराधिकारी मर्यादामूर्ति सतगुरु स्वामी हरिदास राम महाराज का पंच दिवसीय जन्मोत्सव सेवा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। पंच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत निराश्रित बच्चों को संत. महात्माओं ने की ओर से विभिन्न उपहार भेंट दिए जा रहें है। स्वामी हरिदास राम महाराज के जन्मोत्सव के तृतीय दिवस पर निर्माण नगर स्थित आश्रम केयर होम अनाथालय में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संत महात्माओं ने निराश्रित बच्चों को फल, जूस, मिष्ठान, बिस्कुट के पैकेट तथा अध्ययन सामग्री जैसे पेंसिल, ड्राइंग बॉक्स आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए। लगभग दो घंटे तक संतों ने बच्चों के साथ समय व्यतीत कर उन्हें स्नेह और अपनत्व का अनुभव कराया। इस दौरान बच्चों ने भी संत महात्माओं के साथ भक्ति भाव से भजन प्रस्तुत किए।

### भक्ति और सेवा मंडल का मुख्य उद्देश्य

इस अवसर पर स्वामी मोहन प्रकाश महाराज ने बताया कि श्सेवा परमो धर्म आचार्य सदगुरु स्वामी टेऊँराम महाराज की प्रमुख शिक्षा है और यही मंडल का मूल उद्देश्य भी है। उन्होंने बताया कि श्री अमरापुर स्थान के बाहर अन्न-भोजन प्रसादम तथा एस.एम.एस. अस्पताल के बाहर नियमित रूप से जल, नमकीन चावल पुलाव, वितरण की सेवा निरंतर संचालित की जा रही है। जन्मोत्सव पर छाछ का वितरण भी किया जा रहा है । स्वामी मोहन प्रकाश महाराज ने कहा कि ऐसे महान संत युगपुरुष सदगुरु स्वामी टेऊँराम महाराज की अमूल्य शिक्षाओं को हिन्दी पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी भी उनसे प्रेरणा मिल सके। उनके द्वारा रचित आध्यात्मिक वाणी दोहे पद छंद भजन कवित में सामाजिक समरता एवं विश्व बंधुत्व संदेश का विद्यमान है । गुरुवार 30 अप्रैल को शाम 5 से 7 बजे तक संकीर्तन मण्डली के सानिध्य में भजन-संकीर्तन किया जाएगा। मर्यादामूर्ति स्वामी हरिदासराम महाराज के 97 वें जन्मोत्सव पर सुबह 7 से 11 बजे तक संतो का सत्संग, ग्रन्थ, गीता के भोग साहब, भगवान श्री सत्यनारायण कथा, दीप प्रज्वलन, बधाई गीत महाप्रसादी भोग अर्पित किया जाएगा। जिसके तत्पश्चात आम भंडारा प्रसादी का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस प्रकार भक्ति भाव के साथ स्वामी हरिदास राम महाराज का जन्मोत्सव का समापन होगा।

# निजी स्कूल के खिलाफ धरना तीसरे दिन भी जारी

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सीबीईओ ऑफिस सामने मोदी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के अभिभावकों का धरना लगातार तीसरे दिन जारी रहा। धरने पर बैठे बाबूलाल मेघवाल को समर्थन देने के लिए परिजन मनोज सामरिया भी सामने आए।

मनोज ने बताया कि मेरा बच्चा मयूर आरटीई के तहत मोदी पब्लिक स्कूल में पढ़ता है लेकिन मुझसे पाठ्य पुस्तकों के पैसे लिए गए। वहीं कुछ महिलाओं ने भी धरने पर शिरकत की, जिनमें सीता देवी, ममता देवी, सरिता, बिन्दु आदि के नाम शामिल हैं। आपको बता दें कि एक दिन पहले धरने के समाप्त होने की बात सामने आई थी लेकिन लिखित सहमति नहीं होने के कारण धरना जारी रखने का निर्णय धरनार्थी बाबूलाल मेघवाल ने ले लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190